वर्ष : 18 अंक: 41 | ग्वालियर | शुक्रवार 14 मार्च 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रू.




दैनिक
# चम्बल सुर्खी
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

## संभल के कार्तिकेय महादेव मंदिर में 46 साल बाद उड़ा गुलाल



**संभल,एजेंसी।** संभल के खग्गू सराय में स्थित कार्तिकेय मंदिर पर 46 वर्ष बाद होली का पर्व मनाया जाएगा। गुरुवार की शाम हिंदू संगठनों के लोग मंदिर पर पहुंचे और उत्साह के साथ गुलाल उड़ाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा में लगी पुलिस को भी गुलाल लगाया। एएसपी श्रीश्चंद्र और सीओ अनुज चौधरी को गुलाल लगाकर धन्यवाद दिया। शुक्रवार को इस मंदिर पर भगवामय होली मनाई जाएगी। इसके लिए काफी दिनों से आह्वान किया जा रहा है।

### दंगों के बाद बंद हो गया था मंदिर

कार्तिकेय मंदिर 1978 के दंगों के बाद से बंद हो गया था। हिंदू आबादी भी इस इलाके से पलायन कर चुकी है। दिसंबर 2024 में पुलिस-प्रशासन के सहयोग से इस मंदिर के कपाट खोले गए हैं। अब प्रतिदिन पूजा अर्चना हो रही है। होली का पर्व कपाट खुलने के बाद से पहली बार मनाया जा रहा है। इसलिए इस मंदिर पर होली विशेष नजर आएगी। गुरुवार को गुलाल लेकर पहुंचे लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया और खुशी जाहिर की। लोगों ने कहा कि 46 वर्ष तक प्राचीन मंदिर बंद रहा। इसके आसपास के परिक्रमा मार्ग पर दूसरे समुदाय के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन के सहयोग से ही कपाट खुले हैं और लगातार पूजा अर्चना की जा रही है। यह हिंदू समाज के लोगों के लिए सबसे बड़ी खुशी की बात है।

**खग्गू सराय में होली खेलने के दौरान रहेगी पुलिस की कड़ी निगरानी**

एसपी ने कहा कि खग्गू सराय में मंदिर की विशेष सुरक्षा का इंतजाम रहता है। इस मंदिर के आसपास निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। फोर्स भी तैनात रहती है। अब शुक्रवार को होली खेली जाएगी तो कड़ी निगरानी की जाएगी। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कराएंगे। मालूम हो कार्तिकेय मंदिर मुस्लिम बाहुल इलाके में है। एक भी हिंदू परिवार नहीं रहता है। करीब 300 मीटर दूरी पर जाकर हिंदू परिवार रहते हैं।

## 64 साल बाद होली-रमजान का जुमा एकसाथ

### उप्र में मस्जिदें ढंकीं, इंदौर में 2000 जवान तैनात; छत्तीसगढ़ में नमाज का वक्त बदला

**भोपाल/लखनऊ/रायपुर,एजेंसी।** 14 मार्च को होली और रमजान का जुमा 64 साल बाद एकसाथ पड़ रहे हैं। देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में खास व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश में होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 और संभल में 10 मस्जिदों को ढंका गया है। बरेली में 5 मस्जिदें ढंकी गई हैं। उधर मप्र में इंदौर के महू में पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो मस्जिदों को प्लास्टिक से कवर कर दें। छत्तीसगढ़ में जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 1 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। सभी मस्जिदों के बोर्ड को पत्र भेजा गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में अब यूनीफॉर्म में नजर आएंगे टीचर, सरकारी स्कूलों के लिए ड्रेस कोड लागू

**शिमला ,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्यापकों के लिए ड्रेस कोड लागू हो गया है। लंबे समय से चल रहे मंथन के बाद आखिर में सुक्खू सरकार ने टीचरों के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया है। इसे लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का भी बयान सामने आया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग ने इस आशय से एक सर्कुलर जारी किया है कि हमारे समाज में एक विशेष स्थान रखने वाले शिक्षकों को गरिमापूर्ण और सभ्य पोशाक में स्कूल आना चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा इस तरह के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि, मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार पूरे राज्य में ड्रेस कोड को सख्ती से लागू नहीं कर रही है।

### रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने दो वाहनों को मारी टक्कर, सात लोगों की मौत

**भोपाल ,ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में करीब सात लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी अमित कुशवाह ने बताया कि गैस टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को भी टक्कर मार दी। टैंकर उज्जैन की ओर जा रहा था, जबकि बाकी वाहन विपरीत दिशा से आ रहे थे।

### जयपुर के गोदाम में भीषण आग : दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां मौजूद, लोगों को निकाला बाहर

**जयपुर ,एजेंसी।** जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में स्थित रोड नंबर 12 के पास मौजूद फैन बेल्ट के गोदाम में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि मौके पर दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां मौजूद हैं। दरअसल, सर्किल इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुरील को आग लगने की सूचना सबसे पहले मिली थी। घटना का पता चलते ही वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया।


### होली से पहले इसरो का देश को तोहफा, स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अनडॉक करने का काम पूरा कर लिया है, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है।

### सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर वापसी एक बार फिर टली

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर वापसी एक बार फिर टल गई। क्रू-10 मिशन को स्पेसएक्स रॉकेट फाल्कन 9 से लॉन्च किया जाना था लेकिन तकनीकी कारणों से यह लॉन्चिंग टाल दी गई। क्रू-10 मिशन से चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर (आईएसएस) जाने वाले हैं। इसका मकसद आईएसएस पर वर्तमान चालक दल की जगह लेना और विल्मोर तथा विलियम्स की वापसी सुनिश्चित करना है।

## देश में होली, दीपावली तब तक मना सकते हैं, जब तक सनातनियों की संख्या ज्यादा : देवकीनंदन ठाकुर



**मथुरा,एजेंसी।** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर गुरुवार को मथुरा में होली महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने होली गीत गाए और भक्तों के साथ होली खेली। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि देश में होली, दीपावली, जन्माष्टमी और नवरात्रि तब तक ही मनाई जा सकती हैं, जब तक इस देश में सनातनियों की संख्या सबसे ज्यादा है।

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने पाकिस्तान में बच्ची के साथ हुई घटना का जिक्र किया। कहा, ऐसा संदेश सुनने को मिला है। 14 वर्ष की बच्ची के साथ दो महीने तक पाकिस्तान में अत्याचार किया गया। अगर ऐसे ही अत्याचार बढ़ते रहे और हम लोगों ने आवाज उठाई तो मुझे नहीं लगता कि आने वाले समय में हम लोग होली मना पाएंगे।

उन्होंने आगे कहा, मैं सभी से अपील करूंगा कि होली को बचाने के लिए एकजुट हो जाएं और इसलिए मैं सनातन बोर्ड बनाने की भी मांग करता हूं। हमारी यही कोशिश होगी कि अगली होली श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह होली मुबारक' नहीं बल्कि होली की शुभकामनाएं दें, क्योंकि मुबारक तो कुछ और होता होगा। हमारे यहां तो शुभकामनाएं दी जाती हैं। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने होली के पर्व पर लोगों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार नशे और गुंडागर्दी मनाने का नहीं है, इसलिए सभी लोगों को कसम खानी चाहिए कि किसी भी पर्व पर नशा नहीं करना चाहिए और जुआ भी नहीं खेलना

### प्रदूषण कम करने को लेकर एक्शन में दिल्ली सरकार

## सीएम ने की बैठक अधिकारियों को दिए निर्देश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को बैठक की गई। बैठक में धूल प्रदूषण कम करने के लिए मानसून को छोड़कर अब से पूरे साल स्प्रिंकलर्स और स्मॉग गन्स तैनात रहेंगी। वहीं, सीमावर्ती क्षेत्र में वाहनों की जांच सख्त होगी। दूसरी तरफ सड़कों के रखरखाव से जुड़ी सभी एजेंसियों को इनकी मरम्मत और साफ-सफाई की साप्ताहिक रिपोर्ट देनी होगी। इसके साथ सभी संबंधित विभागों की साप्ताहिक कार्ययोजना बनेगी।

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र के तहत राजधानी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में आज सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें दिल्ली के वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले सभी कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई है।

सीएम ने बताया कि दिल्ली में मानसून को छोड़कर पूरे वर्ष सड़कों पर स्प्रिंकलर्स और स्मॉग गन्स तैनात रहेंगे जिससे धूल और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। इससे वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और नागरिकों को स्वच्छ हवा मिलेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदूषण को लेकर विभाग कड़ी निगरानी रखेंगे और त्वरित कार्रवाई करेंगे। दिल्ली के बॉर्डर

## युद्ध विराम से इनकार करना रूस के लिए होगा विनाशकारी, राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन को दी चेतावनी



**वाशिंगटन डीसी ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन के साथ अब युद्ध विराम से इनकार करना रूस के लिए विनाशकारी होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकार यूक्रेन के साथ संभावित युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अभी रूस जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है, जब एक दिन पहले कीव ने सऊदी अरब के जेद्दा में हुई अमेरिकी अधिकारियों के साथ वार्ता में रूस के साथ 30 दिनों के युद्ध विराम पर सहमति जताई है। ऐसे में अब उसको आगे बढ़ाना रूस पर निर्भर करता है। ट्रंप की ओर से यूक्रेन का यह संदेश और प्रस्ताव पुतिन के पास भेजा भी जा चुका है, लेकिन क्रेमलिन ने अभी इस पर अपना रुख साफ नहीं किया है।

क्रेमलिन के ढुलमुल रवैये को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बिफर पड़े हैं। उन्होंने बुधवार को व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी कि अगर मास्को यूक्रेन युद्ध में संघर्ष विराम पर समझौते से इनकार करता है तो उस पर कई कड़े आर्थिक और अन्य तरह के प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जो उसके लिए विनाशकारी साबित होगा। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन के साथ एक बैठक के बाद बोलते हुए कहा कि यूक्रेन के साथ संभावित युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अमेरिकी वार्ताकार अभी रूस जा रहे हैं।

## द्वारका में होली और फूलडोल उत्सव की तैयारी पूरी, उमड़ेंगे श्रद्धालु, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद



**द्वारका ,एजेंसी।** गुजरात की देवभूमि द्वारका में 14 मार्च को होली और फूलडोल उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर द्वारकाधीश के दर्शन के लिए हर दिन हजारों श्रद्धालु द्वारका पहुंच रहे हैं। इस भीड़-भाड़ को देखते हुए द्वारका नगरी और जगत मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो और वे सुरक्षित तरीके से दर्शन कर सकें।

द्वारका में होली और फूलडोल उत्सव मनाने के लिए पूरे गुजरात से तीर्थयात्री यहां आ रहे हैं। जिसे देखते हुए 1400 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें 1 एसपी, 4 डीवाई एसपी, 70 पीआई और पीएसआई, 1200 पुलिसकर्मी, होमगार्ड, जीआरडी और एसआरडी के जवान शामिल हैं।

द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले दिव्यांग और बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष टीम भी बनाई गई है, ताकि वे आसानी से दर्शन कर सकें। इसके अलावा, द्वारका शहर और जगत मंदिर के आसपास सुरक्षा बढ़ाने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि मंदिर के अंदर कोई संदिग्ध व्यक्ति मिलता है, तो सिविल पुलिस भी नजर बनाए रखेगी। जिला एसओजी, एलसीबी और स्थानीय पुलिस भी चौबीसों घंटे निगरानी कर रही है, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।




**शुभकामनाएं**

**रंगो के त्योहार होली पर सभी पाठकों और विज्ञापन दाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं**

**संपादक**

---

**सूचना**

**रंगो के त्योहार होली पर दैनिक चम्बल सुर्खी कार्यालय में अवकाश रहेगा अगला अंक 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा**

**प्रबंधक**

## दिल्ली लौटने के बाद पीएम मोदी ने मॉरीशस सरकार और लोगों का जताया आभार, यात्रा को बताया यादगार



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा समाप्त करने के बाद गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए वहां के लोगों और सरकार का आभार जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम, मॉरीशस के लोगों और सरकार का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने मॉरीशस यात्रा के दूसरे दिन का वीडियो भी शेयर किया। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी दूसरी बार मॉरीशस के नेशनल डे पर मुख्य अतिथि थे, पहली बार 2015 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। समारोह के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' (जी.सी.एस.के) पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पहली बार है जब किसी भारतीय नेता को यह सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पुरस्कार को भारत और मॉरीशस के बीच विशेष मित्रता और भारत के 1.4 अरब लोगों और मॉरीशस के लोगों को समर्पित किया। नेशनल डे समारोह के दौरान भारतीय नौसेना की एक मार्चिंग टुकड़ी ने परेड में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर- हमारी बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी से इस क्षेत्र की ताकत और बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यादगार यात्रा के बाद मॉरीशस से रवाना हुए। प्रधानमंत्री रामगुलाम ने प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर विदा किया। इससे पहले मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने मंगलवार को हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया था। मॉरीशस छोड़ने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा तालाब का दौरा किया। उन्होंने वहां प्रार्थना की। इस दौरान पीएम मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ का वहां अर्पित किया।

## स्व-सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इनके सशक्तिकरण से ही महिलाएं होंगी समृद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश में 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख से अधिक महिलाएं हो रहीं लाभान्वित



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। स्व सहायता समूह हमारे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनके सशक्तिकरण से न केवल महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी, बल्कि राज्य की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि स्व-सहायता समूहों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन एवं जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भर बनकर समृद्धि की ओर बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में स्व-सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण एवं सशक्तिकरण को लेकर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 5 लाख 3 हजार 145 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन स्व-सहायता समूहों से 62 लाख 30 हजार 192 महिला सदस्य जुड़ी हैं और सरकार की आजीविकास विकास योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि स्व-सहायता समूहों को बाजार से जोड़ने, प्रशिक्षण देने और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने समूहों की आय बढ़ाने के लिए नए अवसरों को तलाशने और उन्हें आत्म-निर्भर बनाने के लिए ठोस कार्य योजना भी तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव महिला एवं बालविकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली, म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सीईओ श्रीमती हर्षिका सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और नीतियों पर भी विचार किया गया।

# हेपेटाईटिस-बी का टीका लगायें, आंखो की जांच भी करें-डीएम

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जेएनयू प्रबंध समिति की बैठक आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा कहा कि विद्यालय के बच्चों के लिए नियमित रूप से न केवल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाये जायें, बल्कि विद्यालय के पास मेडिकल फंड में उपलब्ध राशि से हेपेटाइटिस-बी के टीके भी लगाये जायें। इसके साथ ही बच्चों की आंखों के लिए जांच शिविर लगाते हुए आवश्यतानुसार चश्मे प्रदान किये जायें। उक्त निर्देश उन्होने पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय जैदा में आयोजित विद्यालय प्रबंध एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिये। इस अवसर पर समिति सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, प्राचार्य श्री केके कटियार, उप प्राचार्य श्रीमती संध्या सिंह कटियार, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री अनिल पटेल, एसडीओ पीएचई श्री ओपी नागर, सहित शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि श्री सत्यवीर गुर्जर एवं पालक प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री जयदीप तोमर भी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली भी चिकित्सको की सलाह पर प्रदान की जायें। रेजिडेंशियल स्कूल के दृष्टिगत रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य का गंभीरता से ध्यान रखें तथा बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाएं एवं अकादमिक वातावरण के साथ खेलों में प्रदर्शन के लिए उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराये जायें। इसी प्रकार बडी कक्षाओं के बच्चों को वोकेशनल शिक्षा से जोडने का कार्य भी प्रमुखता से करें। बैठक के दौरान विद्यालय विकास एवं व्यवस्थाओं से संबंधित निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। प्राचार्य श्री केके कटियार ने बताया कि वर्तमान में 550 बच्चें अध्ययनरत है। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये गये है, विशेषकर छात्राओं को स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत थैरेपिस्ट तथा ब्यूटी थैरेपिस्ट के कोर्स कराये जा रहे है। 10 बेस्ट परफोरमर को किट भी उपलब्ध कराई गई है। वोकेशनल शिक्षा के साथ ही योगा प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। खेलो के तहत बास्केट बॉल के राज्य स्तरीय ट्रेनर से सेवाएं ली जा रही है। विद्यार्थियों के लिए साइंस और मैथेमेटिक्स किट भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर पीएमश्री योजना के अंतर्गत कराये गये कार्यो का अनुमोदन किया गया तथा विद्यालय के मैन गेट से सडक तक पुलिया निर्माण का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी विभाग के माध्यम से स्वीकृति के लिए भेजे जाने के लिए निर्देश दिये गये। इसके साथ ही प्रिसिंपल के अवगत कराये जाने पर कि विद्यालय परिसर पॉलीथिन फ्री है, कचरा प्रबंधन के लिए माह में एक बार नगरपालिका के ट्रिपर वाहन की व्यवस्था के संबंध में नगरपालिका को पत्र भेजे जाने के निर्देश दिये गये।

**नो मोबाइल जोन है परिसर**

प्राचार्य श्री केके कटियार ने जानकारी दी कि विद्यालय परिसर को नो मोबाइल जोन बनाया गया है। विद्यालय के साथ ही हॉस्टल में भी विद्यार्थियों को मोबाइल उपयोग की अनुमति नही है, जिससे बच्चें पढाई पर फोकस कर सकें। उन्होने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी से तीन नंबर लिये गये है, जिन पर विद्यार्थियों द्वारा बातचीत की आवश्यता जताई जाने पर विद्यालय प्रबंधन के फोन से बात कराई जाती है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा इस व्यवस्था की प्रंशसा की गई तथा विद्यार्थियों के लिए इसे पढाई की दृष्टि से उपयोगी बताया।

**मेस का निरीक्षण, भोजन भी किया**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा इस अवसर पर मेस का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों के साथ हॉल में भोजन भी किया। इस दौरान मेस में खानपान की व्यवस्था तथा साफ-सफाई आदि का अवलोकन करते हुए बच्चों से चर्चा भी की गई।

**जनसुनवाई में आये आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान गत मंगलवार को जनसुनवाई में आये आवेदक श्री अशोक आदिवासी के पुत्र की पुर्न एडमिशन की समस्या के निराकरण के संबंध में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय से मार्गदर्शन अथवा अनुमति लिये जाने के संबंध में पत्र भेजने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि श्री अशोक आदिवासी ने मंगलवार को जनसुनवाई में बताया कि उसके पुत्र पवन विद्यालय की कक्षा 7 में अध्ययनरत है, लेकिन बीमार होने से गत 5 अप्रैल 2024 से अनुपस्थित हो गया था अब वह पूरी तरह ठीक हो गया है, इसलिए पुर्न प्रवेश दिया जायें। इस पर समस्याओं के निराकरण के प्रति गंभीर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने आज आयोजित होने वाली बैठक में आवेदक को भी बुलाया था। इस मामले में विचार विमर्श के बाद अवकाश की लम्बी अवधि होने के चलते वरिष्ठ कार्यालय पत्र भेजने के निर्देश दिये गये।

# सांसद श्री तोमर ने दी होली की शुभकामनाएं



**श्योपुर ब्यूरो।** सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने श्योपुर जिलेवासियों को रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि होली का त्यौहार आत्मीयता और भाईचारे का प्रतीक है। श्री तोमर ने कामना की है कि रंगो का पर्व होली जिलेवासियों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लायेगा।

# अलर्ट मोड पर प्रशासन, शहर में निकाला फ्लैगमार्च

## कलेक्टर-एसपी के नेतृत्व में किया शहर का भ्रमण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन के संयुक्त नेतृत्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शहर में फ्लैगमार्च निकाला गया। होलिका दहन 13 मार्च एवं होली पर्व 14 मार्च को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था के उद्देश्य से शहर में फ्लैगमार्च निकालकर भ्रमण किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन के नेतृत्व में शहर स्थित पुलिस कोतवाली से निकाले गये फ्लैगमार्च के क्रम में शहर के मैन बाजार, टोडी बाजार, बडा इमामबाडा, किला क्षेत्र, भैसपाडा, बगवाज रोड, करबला रोड, भोई मोहल्ला, पुल दरवाजा, कमालखेडी, गांधीनगर, फक्कड चौराहा, पाली रोड आदि क्षेत्रो में भ्रमण किया गया।

# नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने जिलेवासियों को दी होली की शुभकामनाएं



**श्योपुर ब्यूरो।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने जिलेवासियों को रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि होली का त्यौहार आनंद, एकता, आत्मीयता, त्याग और भाईचारे का प्रतीक है। श्री शुक्ला ने कहा कि होली कि पवित्र अग्नि में बुराई और नकरात्मकता का दहन करना चाहिए। मंत्री श्री शुक्ला ने जिले एवं प्रदेशवासियों से अपील की है कि होली का त्यौहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ मैत्रीपूर्ण वातावरण में मनायें।

# ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें-कमिश्नर

## वीसी के माध्यम से कमिश्नर ने दिये निर्देश




**श्योपुर ब्यूरो।** चंबल एवं ग्वालियर संभागायुक्त श्री मनोज खत्री ने आज वीसी के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्थाओं के संबंध में आंकलन कर कार्य योजना तैयार की जायें तथा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। इस दौरान उन्होने गेहूं उपार्जन सहित चना, सरसों के पंजीयन कार्य की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित पीएचई, कृषि, कॉपरेटिव आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही वीसी में मुरैना एवं ग्वालियर संभाग के कलेक्टर्स और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें। कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने निर्देश दिये कि गत वर्षो की तुलना करते हुए ऐसे क्षेत्रो को चिन्हित किया जायें, जहां गर्मियों के दिनो में जलस्तर नीचे चला जाता है, ऐसे ग्रामों का आंकलन कर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोर्स आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही पीएचई विभाग के माध्यम से हैंडपम्प के राईजिंग पाइप तथा सिंगल फेस मोटर आदि सामग्री की डिमांड वरिष्ठ स्तर पर भेजी जायें। जल जीवन मिशन अतंर्गत संचालित नलजल योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश भी दिये। कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने वीसी के माध्यम से गेहूं, चना, सरसों एवं मसूर उपज के समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु किये जा रहे पंजीयन तथा खरीदी के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि खरीद केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बताया कि पेयजल के संबंध में निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा गर्मियों में पेयजल व्यवस्था के तहत 6 हजार मीटर राईजिंग पाइप तथा 450 सिंगल फेस मोटर की डिमांड भेजी गई है।

वर्तमान में 2196 सिंगल फेस मोटर क्षेत्र में चालू है। पीएचई द्वारा 315 ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें से 190 पूर्ण कर ली गई है तथा 125 प्रगतिरत है, प्रगतिरत योजनाओ में से 81 ग्रामों में मार्च अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। इसी प्रकार गेहूं उपार्जन के संबंध में अवगत कराया कि गेहूं उपार्जन के लिए 31 मार्च तक पंजीयन की तिथि निर्धारित है, अभी तक 11 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है। खरीदी के लिए 33 केन्द्र निर्धारित किये गये है। चना, सरसों के लिए भी पंजीयन की प्रक्रिया जा रही है।

# हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह सद्भाव और भाई-चारे के साथ मनाएँ होली- कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा

## कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले वासियों को होली पर्व की बधाई दी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिलेवासियों को रंगोत्सव के पर्व होली की बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने होली के पावन पर्व को हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह सद्भाव और भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि होली के पावन पर्व में कोई भी ऐसा कार्य नहीं करें जिससे दूसरों को कष्ट हो। उन्होंने कहा कि भारतीय लोक संस्कृति के इस अनूठे पर्व की गौरवशाली परम्परा को भाव, भावनाओं और आचरण से सशक्त बनाएँ। मानवीय मूल्यों के उच्चादर्शों का पालन करते हुए हमारी सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। कलेक्टर ने नागरिकों से आग्रह किया कि होलिका दहन के लिए लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ का उपयोग करें। रसायनयुक्त रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंग और गुलाल का उपयोग किया जाये। पर्यावरण की रक्षा के साथ त्यौहार मनाने का आनंद उठाएँ।

# कानून व्यवस्था की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा होली पर्व एवं रंगपंचमी शांति एवं सद्भावपूर्वक मनाये जाने के क्रम में कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार होलिका दहन 13 मार्च, होली उत्सव (धूलेंडी) 14 मार्च एवं रंगपंचमी 19 मार्च के दृष्टिगत एसडीएम श्योपुर श्री मनोज गरवाल, एसडीएम कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव, एसडीएम विजयपुर श्री अभिषेक मिश्रा को अपने-अपने अनुभाग क्षेंत्र में प्रभारी रहेगें तथा आवश्यकतानुसार अधीनस्थ अधिकारियों की ड्यूटी लगा सकेगें। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन को गुलम्बर से किला रोड, बोहरा बाजार, गणेश बाजार एवं पुल दरवाजे से छह मजार तक एवं डिप्टी कलेक्टर श्री वायएस तोमर को गुलम्बर से पाली रोड, बायपास रोड एवं शिवपुरी रोड कलेक्ट्रेट तक के क्षेत्र के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं। संपूर्ण तहसील क्षेत्र श्योपुर के लिए तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया, तहसील क्षेत्र बडौदा के लिए तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, संपूर्ण क्षेत्र कराहल के लिए तहसीलदार के लिए परीवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार श्री विजय शाक्य, वीरपुर तहसील के लिए तहसीलदार श्रीमती अनिता सिंह तोमर, विजयपुर तहसील के लिए तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार श्री दर्शनलाल जाटव को वृत्त पाण्डोला, श्री शैलेन्द्र सिंह सेंगर को वृत्त प्रेमसर, श्री केके शर्मा को वृत्त मानपुर, सुश्री रोशनी शेख को वृत्त गोरस, श्री रवीश भदौरिया को वृत्त रघुनाथपुर, श्री नरेन्द्र जैन को वृत्त अगरा के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में शांति व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी सौपी गई है।

# चना, सरसों फसल के पंजीयन की तिथि बढी, 17 मार्च तक होंगे पंजीयन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा विपणन वर्ष 2025-26 में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, सरसों फसल के पंजीयन के लिए 33 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, जिनमें पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, सरसों फसल के पंजीयन की तिथि 11 मार्च से बढाकर अब 17 मार्च कर दी गई है। चना, सरसों फसल के विक्रय के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव तेहखण्ड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित राडेप, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लुहाड, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था कनापुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रघुनाथपुर, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोंईकलां, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागरगावडा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आसीदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित वीजरपुर, सेवा सहकारी संस्था क्यारपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित दातरदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोंठवा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरुनावदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पाण्डोला पर पंजीयन कराये जा सकते है।

इसके अलावा एम.पी.किसान ऐप तथा सशुल्क में एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोकसेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर भी फसल पंजीयन कराया जा सकता है।

# बंदियों को भाईदूज पर तिलक लगाने जेल से मिलेगी हल्दी

**श्योपुर ब्यूरो।** होली की भाईदूज के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में बंदियों को तिलक लगाने आने वाली बहनों के लिए हल्दी के साथ ही कुमकुम, अक्षत और चावल आदि तिलक सामग्री जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। उप अधीक्षक जिला जेल श्योपुर श्री एनएस राणा ने बताया कि जेल में निरूद्ध बंदियों को होली की भाईदूज 16 मार्च के अवसर पर बहनो द्वारा टीका करने के लिए खुली मुलाकात का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा टीके के लिए थाली उपलब्ध कराई जायेगी, जिसमें हल्दी, कुमकुम, अक्षत, चावल आदि सामग्री रहेगी। बहने अपने साथ भाईयों का मुंह मीठा कराने के लिए 250 ग्राम मिठाई अथवा गजक या फिर सोनपपडी ला सकती है। इसके अलावा अन्य कोई सामग्री ले जाने की अनुमति नही रहेगी। जेल नियमों के अनुसार मोबाइल, रूपये, पर्स तथा मादक पदार्थ आदि प्रतिबंधित रहेगे, अतः इस प्रकार की कोई भी सामग्री लेकर न आयें। मुलाकात के लिए बहनो के नाम 16 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही लिखे जायेंगे और इन्हें ही अपरान्ह 3 बजे तक मुलाकात कराई जायेगी। मुलाकात का समय 16 मार्च को सुबह 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा।

# कलेक्टर ने किया शस्त्र लाईसेंस निरस्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा शस्त्र लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार शस्त्र लाईसेंसधारी राजकुमार पुत्र नरेश शर्मा निवासी धामिनी के विरूद्ध थाना विजयपुर में धारा 80, 85, 3(5) बीएनएस, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 31/2025 दर्ज होने से पुलिस अधीक्षक के पत्र अनुसार शस्त्र लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है।

# राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत जिले में 26 मार्च से 30 मार्च तक षिविर आयोजित होंगे

**दतिया।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन आदेश जारी कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दतिया, सेवढा, भाण्डेर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका दतिया, नगर परिषद सेवढा/भाण्डेर, बडौनी, इंदरगढ, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र दतिया समस्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दतिया, समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी दतिया, सेवढा, भाण्डेर, न.प. दतिया को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्वजनों एवं एपिड योजनांतर्गत दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन शिविरों का 26 मार्च से 30 मार्च 2025 तक आयोजन किया जाना है। वृद्वजनों एवं दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन उपरांत द्वितीय चरण में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के द्वारा सहायक उपकरण वितरण किए जाएंगे। वृद्वजनों एवं दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं सहायक उपकरण हेतु शिविर के नोडल अधिकारी प्रभारी नियुक्त किए गए है। नोडल प्रभारी में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं शहर के सीएमओ नगरपालिका नियुक्ति किए है। उनमें 26 मार्च 2025 को हाईस्कूल सिविल लाईन दतिया में सीएमओ नपा दतिया श्री नागेन्द्र सिंह गुर्जर मो. 8103302562, सीईओ जनपद दतिया श्री विनीत त्रिपाठी मो. 9977568362, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्री कीर्ति अडजरिया मो. 8085164750 एवं श्री रवि पम्वानी मो. 7974906729, 27 मार्च 2025 को जनपद पंचायत सेवढा में सीएमओ नपा सेवढा श्री महिपाल सिंह यादव, मो. 9826515662, सीईओ जनपद पंचायत सेवढा श्री अशोक शर्मा मो. 7770819999, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी सेवढा श्री मधुर सेन मो. 9171773045 तथा 28 मार्च 2025 ग्राम पंचायत उपरांय जनपद पंचायत दतिया में को सीईओ जनपद दतिया श्री विनीत त्रिपाठी मो. 9977568362, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्री रवि पम्वानी मो. 7974906729 एवं 29 अप्रैल 2025 को हाईस्कूल प्रांगण इंदरगढ़ में सीईओ जनपद पंचायत सेवढा श्री अशोक शर्मा मो. 7770819999, सीएमओ नपा इंदरगढ़ श्री महिपाल सिंह यादव, मो. 9826515662,, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी सेवढा श्री मधुर सेन मो. 9171773045 शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 30 मार्च 2025 को बीआरएस कॉलेज मंडी के सामने भाण्डेर में सीईओ जनपद पंचायत भाण्डेर श्री मान सिंह सैयाम मो. 7049283436, सीएमओ नपा भाण्डेर श्री नागेन्द्र सिंह गुर्जर मो. 8103302562, सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी भाण्डेर श्री वैभव श्रीवास्तव मो. 9685082568 में शिविर आयोजित होगा।

# वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए परीक्षण षिविर आयोजित होंगे

**दतिया।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण दतिया श्री धनंजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी एल्मिको द्वारा निकायों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के बीपीएलधारी कार्डधारी वृद्वजों एवं दिव्यांगजनों का चिन्हांकन शिविर के माध्यम से सहायक उपकरण व्हीलचेयर, छडी, श्रवण यंत्र, चश्मा हेतु परीक्षण किया जाएगा। उक्त शिविर माह मार्च एवं अप्रैल 2025 में किया जाना प्रस्तावित है। स्थान में कोई परिवर्तन हो तो दो दिवस में अवगत करावें। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दतिया, सेवढा एवं भाण्डेर एवं नगरपालिका/पंचायत दतिया, सेवढा, भाण्डेर, इंदरगढ, बडौनी तथा प्रशासनिक अधिकारी जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र दतिया निर्देशित किया है कि आप अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वद्वजनों एवं दिव्यांगजनों की सूची तैयार कर 15 मार्च तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही अपने स्तर से विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करते हुए हितग्राहियों की शिविर में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। कोई पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।

# समर्थन मूल्य पर चना व सरसों उपार्जन के लिए भी हो रहा है पंजीयन

## किसान भाई 17 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**दतिया।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास दतिया श्री राजीव वशिष्ठ ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये चना, सरसों मसूर के उत्पादक किसानों का पंजीयन भी किया जा रहा है। किसान भाई अब 17 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन ने किसानों के हित को देखते हुए समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तिथि 10 मार्च से बढ़ाकर 17 मार्च कर दी है पंजीयन से शेष रहे किसान अपना पंजीयन अविलंब कराएं और लाभ कमाएं, जिले में पंजीयन का काम जिले के 50 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां एवं एमपी किसान एप पर निःशुल्क कराया जा सकता है। किसान भाई इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं सायबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री वशिष्ठ ने बताया कि राज्य शासन द्वारा चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल व सरसों का समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिये अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन इसलिये भी जरूरी है कि मंडी के भाव गिरने पर किसान भाई तभी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच पायेंगे यदि उन्होंने पहले से ही अपना पंजीयन कराया होगा।

# 14 मार्च होली पर सम्पूर्ण जिले में रहेगा शुष्क दिवस

**दतिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्ड़ाधिकारी दतिया श्री संदीप कुमार माकिन द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) एवं मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 27 की कंड़िका क्रमांक 40.1 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासकीय तथा लोकहित में 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को होली के अवसर पर दोपहर 4 बजे तक के लिए दतिया जिले में पूर्णतः शुष्क दिवस रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि शुष्क दिवस की अवधि में दतिया जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, होटल बार (एफएल-3), रेस्टोरेंट बार (एफएल-2) से मदिरा का विक्रय/उपभोग एवं देशी मदिरा भण्ड़ागार से मदिरा का प्रदाय, परिवहन निषिद्ध किया जाता है। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग यह सुनिश्चित करें कि उपरोक्त घोषित शुष्क दिवस अवधि में जिले में अवैध रूप से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, विनिर्माण संग्रहण कब्जा एवं विक्रय न हो।

# समर्थन मूल्य पंजीयन निर्धारित तिथि में कराएं

**दतिया।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एमएल मालवीय ने बताया कि रबी उर्पाजन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहॅू के उर्पाजन के लिए कृषक पंजीयन कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित तिथि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक की गई है। किसानों द्वारा नियत स्थानों एवं तिथियों में पंजीयन कराया जाए। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था अंतर्गत 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जावे। उक्त संबध में जिले के किसान भाईयों से अपील है कि किसान भाई समर्थन मूल्य पर गेहॅू विक्रय करना चाहते है तो वह अपना पंजीयन निर्धारित तिथि में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर उपस्थित होकर करा सकते है अथवा स्वयं एमपी किसान एप के माध्यम से कर सकते है। जो किसान भाई पंजीयन नहीं करवाएंगे तो वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं कर सकते है।

## किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पटवारियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

### अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की अनुकरणीय पहल



**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरंतर मैदान में भ्रमण कर अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले और सौंपे गए दायित्वों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के 75 पटवारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का उल्लेखनीय कार्य किया है। कलेक्टर ने अपने कार्यालय में बुलाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों को न केवल प्रशस्ति पत्र दिया, बल्कि उनके द्वारा किए गए कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। ग्वालियर जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में जिले के पटवारियों ने उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके द्वारा किए गए कार्य से ग्वालियर जिले की प्रगति में सुधार हुआ है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के 75 चयनित पटवारियों को बुलाकर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य की सराहना भी की। इस मौके पर एडीएम श्री टी एन सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अशोक चौहान, श्री अतुल सिंह, श्री विनोद सिंह, विभागीय अधिकारी व जिले के पटवारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने पटवारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्वालियर जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में अच्छा कार्य हुआ है लेकिन अभी और कार्य भी शेष है, जिन किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है उनकी भी फार्मर आईडी बने। इसके लिये सभी पटवारी अपने-अपने क्षेत्र में विशेष प्रयास कर किसानों की फार्मर आईडी बनवाएं। उन्होंने कहा कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार के मार्गदर्शन में सभी पटवारी जिन ग्रामों में ज्यादा किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है वहाँ पर आवश्यकता हो तो शिविर लगाकर भी फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाए। कार्यक्रम में सभी चयनित पटवारियों को कलेक्टर एवं एडीएम ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पटवारियों ने भी कलेक्टर को आश्वस्त किया कि जिले में जिन किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है उनकी आईडी बनाने का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण किया जायेगा।

## ग्वालियर से भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, दतिया, झांसी जाने वाली बसों के मार्ग निर्धारण हेतु कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ किया बस से भ्रमण

### विभिन्न मार्गों में सुधार हेतु प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश




**ग्वालियर।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और शहर के प्रमुख मार्गों से होकर अन्य शहरों की ओर जाने वाली बसों को कैसे व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, इस उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड से शहर के आउटर मार्गों का बस के माध्यम से भ्रमण कर अवलोकन किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्मार्ट सिटी, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी बस में भ्रमण कर विभिन्न मार्गों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से शहर के अंदर संचालित हो रहे बस स्टेण्डों से जो अन्य शहरों को जिसमें झांसी, शिवपुरी, डबरा, भिण्ड, मुरैना एवं अन्य शहरों को जो बसें संचालित होती हैं उन्हें आगामी दिनों से स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित किए गए अंतर्राज्यीय बस स्टेंड से संचालित करने के उद्देश्य से विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर कार्ययोजना तैयार करने के लिये गुरुवार को विभागीय अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण कर मार्गों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने अंतर्राज्यीय बस स्टेंड से बस में सवार होकर भिण्ड जाने के लिये दीनदयालनगर, हवाई अड्डा के साथ ही ग्वालियर बाइपास होते हुए शिवपुरी लिंक रोड, नया गांव तिराहा से ग्वालियर हाईवे होते हुए पुनः अंतर्राज्यीय बस स्टेंड तक का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मार्गों में जो भी सुधार किए जाना हैं, उनका प्रस्ताव तैयार कर आगामी दिनों में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्णय लिए जायेंगे।

**दीनदयालनगर में रेत परिवहन करते दो ट्रकों की जाँच की गई**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बस से भ्रमण के दौरान दीनदयाल नगर के टाइगर चौराहे पर दो ट्रकों को रेत परिवहन करते हुए देखने पर अधिकारियों को तत्काल उन्हें रोककर उनके कागजों की जांच करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने दोनों ट्रकों की विस्तार से जाँच की है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रतिवेदन के आधार पर आगामी कार्रवाई की जायेगी।

## जलप्रदाय लाइन को क्षतिग्रस्त करने पर एयरटेल कंपनी पर 25 हजार रूपये का जुर्माना किया अधिरोपित, कराया संधारण कार्य



**ग्वालियर।** वार्ड 38 के सांई विहार कॉलोनी बेलदारपुरा क्षेत्र में एयरटेल कंपनी द्वारा टेलीफोन लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा था। कार्य के दौरान क्षेत्र में जल प्रदाय लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिस पर विभाग द्वारा एयरटेल कंपनी पर 25000 रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर संधारण कार्य कराया गया। सहायक यंत्री श्री के सी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 38 के सांई विहार कॉलोनी बेलदारपुरा क्षेत्र में एयरटेल कंपनी द्वारा टेलीफोन लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा था। कार्य के दौरान अयोध्या नगरी, चिरैया का पुरा, एवं सांई विहार कॉलोनी, बेलदारपुरा पर जलप्रदाय लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिस कारण से क्षेत्रवासियों को जल प्रदाय न होने के साथ-साथ पानी का अपव्यय हो रहा था। जिस पर नगर निगम के पीएचई अमले द्वारा एयरटेल कंपनी पर 25000 रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर संधारण कार्य कराया गया तथा संधारण कार्य उपरांत क्षेत्रवासियों को अंतिम छोर तक सुचारू रूप से जल प्रदाय किया गया। पेयजल प्राप्त होने पर क्षेत्रवासियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## खुले में मांस का विक्रय करने पर वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** स्वच्छ ग्वालियर अभियान के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में गंदगी करने वाले एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं रेड स्पॉट करने वाले लोगों को समझाइश के साथ ही नहीं मानने पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्वालियर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है । जिसके तहत ग्वालियर पूर्व विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 थाटीपुर पर मांस विक्रेताओं पर चालानी कार्रवाई कर 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही रोडवेज बस स्टैंड पर खुले में पेशाब करने वालों पर चालानी कार्रवाई कर 1000 रूपये का जुर्माना वसूला। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री गौरव सेन, श्री कमल खरे आदि उपस्थित रहे।

## सभापति श्री तोमर ने नवीन परिषद भवन के निर्माण कार्य को देखा



**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने जमुनाबाग नर्सरी में बन रहे नवीन परिषद भवन के निर्माण कार्य किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल, प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री मनीष यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन परिषद भवन के निर्माण का कार्य समय सीमा में गुणवत्ता में पूर्ण करें।

## नगर निगम आयुक्त ने दी शहर वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर वासियों को होली के पावन अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि सभी शहरवासी हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाए और अपने शहर को स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक समरसता, सौहार्द्र और भाईचारे का त्यौहार है। यह त्यौहार विद्वेष और भेदभाव से ऊपर उठकर सबको एक साथ जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने सभी की सुख व समृद्धि की कामना की है।

## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने दी होली महापर्व की शुभकामनाएँ

**ग्वालियर।** जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिलेवासियों को होली महापर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि सभी लोग रंगों के इस त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं उत्साह के साथ मनाएँ। सभी लोग रंगो के त्यौहार की खुशियाँ एक दूसरे के साथ बांटे। सभी जिलेवासियों को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी होली की शुभकामनाएँ

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ दी हैं। श्री तोमर ने कहा है कि आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि होली का पर्व जन-जन के मन में उत्साह एवं खुशी का रंग भरेगा। उन्होंने अपील की है कि होली पर्व पर सभी नागरिक ऊर्जा का अपव्यय रोकने करा संकल्प लें।

## थाना पुरानी छावनी पुलिस ने घर से गुम हुई अपहृत नाबालिग बालिका को भिण्ड रोड़ से किया दस्तयाब

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (पूर्व/ यातायात/ अपराध) ग्वालियर श्री कृष्ण लालचंदानी (भापुसे) द्वारा अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र से गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। घटना का विवरणः- दिनांक 10.03.2025 को मोतीझील साई कॉलोनी निवासी फरियादी ने थाना पुरानी छावनी में रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 09.03.2025 को सुबह वह फ्रूट मण्डी में घर का सामान लेने गया था, दोपहर 12.00 बजे मेरी पत्नी ने फोन पर बताया कि उसकी नाबलिग लडकी आरती (परिवर्तित नाम) उम्र 14 साल 08 माह घर पर नही मिल रही है वह कही चली गई है, मैने उसकी आसपास व रिष्तेदारियों में काफी तलाष की लेकिन वह नही मिली। मुझे शक है कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी लडकी को बहला फुसलाकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना पुरानी छावनी में अप0क्र0 78/24 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पुरानी छावनी उप निरीक्षक क्षमा राजौरिया के द्वारा उक्त प्रकरण में गुमशुदा नाबालिग लड़की की दस्तयाबी हेतु थाना बल की टीम बनाकर लगाया गया। उक्त कार्यवाही के दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा रिष्तेदारों, संभावित स्थानों एवं संदेहियों से पूछताछ की गई एवं उक्त गुमषुदा नाबालिग लड़की की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 12.03.2025 को थाना पुरानी छावनी पुलिस को तकनीकी सहायता एवं मुखबिर सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि उक्त अपहृता बालिका भिंड रोड पर खड़ी है। उक्त सूचना पर पुलिस की टीम को रवाना किया गया और भिण्ड रोड़ से अपहृता को दस्तयाब किया गया।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी पुरानी छावनी उप निरीक्षक क्षमा राजौरिया, सउनि अनूप सिंह भदौरिया, आर0 सूरज शर्मा, घनष्याम शर्मा, भानू परमार, अनिल राठौर, म.आर0 दीपा भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।

## सभापति श्री तोमर ने शहरवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज सिह तोमर ने शहरवासियों को रंगो के त्यौहार के पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी प्रेम व भाईचारे का त्यौहार है, इसे पूरे उमंग व उत्साह के साथ मनाएं। सभापति श्री तोमर ने कहा कि होली एकता का त्योहार है। यह सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाता है। रंगों का त्योहार खुशी लेकर आता है। इस त्यौहार पर हम सभी ग्वालियर की स्वच्छता का संकल्प लें तथा स्वच्छता सर्वेक्षण में ग्वालियर सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त करे इसके लिए सभी शहरवासी अपनी सहभागिता करें।

## सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**ग्वालियर।** सीएम हेल्प लाइन पर आने वाली शिकायतें अटेंड नहीं करने पर क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्रमांक 21 श्री सौरभ शाक्य, क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्रमांक 22 श्री राकेश कुशवाह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अर्जुन दास, श्री रामचन्द्र धौलपुरिया, श्री राजेन्द्र सिंह विक्रम, श्री सोनू वाल्मीकि, सहायक नगर निवेशक श्री महेन्द्र अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत समस्त लेवल 1 एवं लेवल 2 अधिकारियों को पूर्व में समय समय पर आयोजित बैठकों में निर्देशित किया गया है। कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। इस संबंध में समीक्षा किए जाने पर पाया कि अंतर्गत शिकायतें अनअटेंडेड आगामी लेवल पर फॉरवर्ड हुई हैं। यह कार्य सौंपे गए दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतना तथा निर्देशों की अवहेलना करना प्रदर्शित कर रहा है। इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण दिनांक 18 मार्च 2025 सायं 4 बजे तक प्रस्तुत करें। समय सीमा में स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

## प्रदेश के बजट में खेती की अनदेखी - किसान सभा ने की आलोचना।

**भोपाल।** हाल ही में मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत प्रदेश के बजट में खेती की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। ऐसे प्रदेश के बजट में जिसमें 60त्र से अधिक आबादी खेती / किसानी पर निर्भर है। उसके वजट में खेती की अनदेखी करना पूरी तरह से असंगत जन विरोधी एवं किसान विरोधी है। प्रदेश में किसानों की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। एक दशक से उर्वरकों के लिए किसान लाइन में लगते हैं, डीएपी से लेकर यूरिया खाद तक किसानों को उपलब्ध नहीं होता है और किसान खाली हाथ लौटकर घर चले जाते हैं, ऐसे में खाद और बीज की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए बजट में किसी तरह का कोई विशेष प्रावधान नहीं रखा जाना सरकार के किसान विरोधी रवैया को प्रदर्शित करता है। यही हालत एम एस पी पर फसल खरीदी के मामले पर भी देखने को मिलती है। जिसमें बार-बार घोषणाएं करने के बाद भी किसानों के गेहूं को खरीदने के लिए ?2700 प्रति क्विंटल की रेट किसानों को नहीं दी जाती है और न हीं ?3100 धान खरीदी के लिए किसानों को दिए जाते हैं। सोयाबीन किसानों के साथ भी यही होता है। एक महीने तक प्रदेश में आंदोलन करने के बाद भी किसानों को ?7000 प्रति क्विंटल दाम नहीं मिल पाते हैं। विधानसभा चुनाव में जो बायदा किए गए थे, वे जुमले बनकर रह गए। किसान देखते रह जाते हैं और उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिलता है। बजट में भी इसके प्रति किसी तरह के प्रावधान नहीं रखे गए हैं और नहीं चिंता प्रदर्शित की गई है। बिजली के नाम पर भी किसानों की लूट जारी है। बिजली का निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने की तरफ सरकार आगे बढ़ती जाती है किसानों की चिंता इस वजट में भी प्रदर्शित नहीं हुई है। मनरेगा के बारे में तो स्थिति और भी भयावह व चिंताजनक है न तो बजट बढ़ाया गया है न हीं मजदूरी बढ़ाई गई है और न हीं कार्य दिवस बढ़ाए गए है। बजट में इस पर किसी तरह की कोई प्रावधान नहीं किया गया हैं।

जिससे ग्रामीण गरीबों की स्थिति और बदहाल होती जाएगी। किसान कर्ज माफी, किसान पेंशन सब कुछ बायदे, बनकर रह गए हैं प्रदेश में किसान कर्ज के जाल में फंसते जाते हैं और किसान तथा खेत मजदूर की आत्महत्या की दर भी तेजी से बड़ी है। सरकार ने इन मामलों पर प्रदेश के बजट में किसी तरह की चिंता जाहिर नहीं की है और न ही कोई प्रावधान इसके लिए रखे गए हैं। इसकी मध्य प्रदेश किसान सभा ने कड़ी आलोचना की है। किसान सभा के प्रदेश महासचिव अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने इस बजट को असंतुलित और किसान विरोधी बताया है तथा खेती किसानी को बर्बाद करने की ओर ले जाने वाला बजट निरूपित किया है। उन्होंने इस बजट में किसानों के लिए प्रावधान जोड़े जाने और किसानों की दुर्दशा और खेती की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए धनराशि आवंटित करने की मांग की है। किसान सभा ने इस बजट को असंतुलित और कृषि विरोधी बजट बताया है। यही हालत सहकारिता के क्षेत्र में प्रदेश के बंद पड़े सभी चीनी मिलों के बारे में है। प्रदेश के एक बहरानपुर कारखाने को छोड़कर सभी कोऑपरेटिव के कारखाने बंद है।

लेकिन सरकार ने उनके पुनरुद्धार और पुनर्जीवन के लिए कोई प्रावधान बजट में नहीं रखा है। इस दिशा में भी किसान सभा ने बजट प्रावधान जोड़े जाने और सहकारिता के बंद कारखाने को पुनर्जीवन प्रदान करने, चालू करने की मांग की है। साथ ही गन्नै की रेट ?400 प्रति कुंतल किए जाने की भी मांग किसान सभा ने उठाई है और बजट में प्रावधान रखे जाने का आग्रह सरकार से किया है। मध्य प्रदेश में जमीन की लूट को बढ़ाने की सरकार की मंशा बजट में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू नहीं करने और किसानों को उचित मुआवजा नहीं देने के लिए बजट प्रावधान नहीं रखने से भी स्पष्ट होती है। किसान सभा ने प्रदेश में जमीन की लूट रोकने के भी मांग दोहराई है।

## 22 से 29 मार्च तक होगा पुस्तक मेले का आयोजन, अब तक 70 दुकानदारों ने कराया पंजीयन

**ग्वालियर।** स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सुविधा के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर में 22 मार्च से 29 मार्च तक वृहद पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सस्ती दर पर स्कूली पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्कूल में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। पुस्तक मेले में दुकानें लगाने के लिये उत्साहपूर्वक अब तक 70 दुकानदारों ने अपना पंजीयन करा लिया है। पंजीयन की तारीख सोमवार 17 मार्च तक कर दी गई है। शेष दुकानदारों से भी तत्परता से पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है। पुस्तक मेले में अब तक कुल 70 दुकानदारों ने अपना पंजीयन कराया है। जिनमें 15 दुकानदार स्टेशनरी, 5 दुकानदार गणवेश, स्कूल बैग, बोतल आदि सामग्री, 50 दुकानें स्कूली पुस्तकें एवं अन्य सामग्री के संबंध में दुकानदारों द्वारा पंजीयन कराया गया है। अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह ने बताया कि पुस्तक मेले के लिये जिन दुकानदारों के आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्टॉल आवंटन करने का कार्य किया जायेगा। मेले में स्टॉलों की संख्या निर्धारित नहीं की गई है। कोई दुकान एक से अधिक स्टॉल चाहेगा तो उसे उपलब्ध कराए जायेंगे।

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री कुशवाह ने होली पर्व पर दीं शुभकामनायें

**ग्वालियर।** सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण एवं उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने ग्वालियर जिले सहित सम्पूर्ण प्रदेश के निवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली का त्यौहार उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाएँ। श्री कुशवाह ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि वे उद्यानिकी फसलें अपनाकर अपने जीवन में खुशियों के रंग भरें।

## होली के त्यौहार पर 14 मार्च को मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश, जिला दण्डाधिकारी ने किया प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**ग्वालियर।** जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने होली के त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार 14 मार्च को होली पर्व के अवसर पर मदिरा दुकानें बंद करने के आदेश जारी किए हैं। शुक्रवार को सायंकाल 4 बजे तक दुकानें पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान ने अपने आदेश में कहा है कि त्यौहार के अवसर पर मदिरा के क्रय ड्ड विक्रय पर अंकुश लगाए जाने के लिये मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24(1) प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत प्रशासकीय तथा लोक हित में होली के पर्व पर ग्वालियर जिले में समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें एफएल-2 रेस्टोरेंट, एफएल-3 होटल बार, एफएल-4 क्लब लायसेंस, समस्त एफएल-6/7, सैनिक कैन्टीन थोक एवं फुटकर लायसेंस, समस्त वाइन आउटलेट शॉप, विदेशी मदिरा भण्डार गृह ग्वालियर, देशी भण्डार मदिरा गृह ग्वालियर तथा डबरा और समस्त भांग दुकानों के क्रय-विक्रय केन्द्र को 14 मार्च को शाम 4 बजे तक के लिये बंद करने के आदेश जारी किए जाते हैं।

## महापौर डॉ सिकरवार ने शहरवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**ग्वालियर।** महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने शहरवासियों को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली उत्साह और उमंग से भरा रंगो का त्यौहार है। सभी शहरवासी सौहार्द के साथ हर्षोल्लास से होली का त्यौहार मनाएं।

महापौर डॉ सिकरवार ने शहर के नागरिकों से आग्रह किया कि उमंग के इस पर्व के साथ ही शहर के नागरिक अपने शहर की स्वच्छता का भी ध्यान रखें और अपने ग्वालियर को स्वच्छता में सहयोग करें तथा सडकों पर कचरा न फैलाएं और ना ही सडकों को गंदा करें। जैविक रंगों के साथ हर्षोल्लास से मनाएं होली का त्यौहार।

## जनसंपर्क विभाग की ओर से पत्रकार साथियों को होली की शुभकामनायें

**ग्वालियर।** रंगों के त्यौहार होली पर जनसंपर्क विभाग की ओर से भी सभी पत्रकार साथियों को शुभकामनायें और बधाई प्रेषित की गई है। प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया से जुड़े हुए सभी भाईयों को रंगों का त्यौहार मुबारक हो और सभी उत्साह और उमंग के साथ होली मनाएँ। उप संचालक जनसंपर्क श्री मधु सोलापुरकर एवं जनसंपर्क विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से सभी पत्रकार साथियों को होली पर्व की शुभकामनायें ।

## संपादकीय

# डॉनल्ड ट्रंप के आक्रामक लहजे

चीनी दूतावास ने कहा- अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य, तो हम अंत तक लडऩे को तैयार हैं।' इस पर आक्रामक रुख अपनाते हुए अमेरिका ने कहा- हम शांति चाहते हैं, लेकिन युद्ध के लिए भी तैयार हैं। डॉनल्ड ट्रंप के आक्रामक लहजे ने दुनिया में समीकरण बदल दिए हैं, वहीं तनाव और आशंकाओं को पहले ज्यादा गहरा कर दिया है। बदले समीकरणों की सबसे साफ झलक यूरोप में देखने को मिली है, जहां विभिन्न देश इस हकीकत के रू-ब-रू हैं कि अब वे अमेरिका के सुरक्षा साये पर भरोसा नहीं कर सकते। तो नव-उदारवादी नीतियों के तहत अपनाए गए राजकोषीय अनुशासन को अलविदा कहते हुए उन्होंने 500 बिलियन यूरो ऋृण लेकर सशस्त्र तैयारी करने का इरादा जताया है। मगर तनाव का असल मोर्चा अलग है। ट्रंप ने चार मार्च से चीन पर टैरिफ की नई दर लागू की। कनाडा और मेक्सिको के साथ चीन पर भी उन्होंने मादक पदार्थ फेंटानील की अमेरिका में तस्करी में सहायक बनने का इल्जाम लगाया है। इस पर चीनी विदेश मंत्रालय ने कड़ा जवाब दिया। उसे टैग करते हुए वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने जो कहा, वह अपशकुन का संकेत है। दूतावास ने कहा-अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य, तो हम अंत तक लडऩे को तैयार हैं।' इस पर आक्रामक प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेट ने कहा- जो शांति चाहते हैं (यानी अमेरिका), वे युद्ध के लिए भी तैयार रहते हैं। इसके पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट से वह दस्तावेज हटा दिया था, जिसमें एक चीन नीति' के प्रति अमेरिका की वचनबद्धता दर्ज थी। उधर ताइवान को नए हथियार देने की घोषणा भी ट्रंप प्रशासन ने की है। चीन इस पर भड़का हुआ है। गौरतलब है, चीन की राय में ताइवान उसकी रेडलाइन है। बहरहाल, मुश्किल यह है कि ट्रंप प्रशासन ने ताइवान पर भी अपने चिप कारोबार के जरिए अमेरिका को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। वहां की मशहूर चिप निर्माता कंपनी टीएसएमसी को अमेरिका में 100 बिलियन डॉलर अतिरिक्त निवेश के लिए उसने प्रेरित किया है। इससे ताइवान में आशंकाएं गहराई हैं कि अमेरिका रणनीतिक रूप से उसे अप्रासंगिक करने की दिशा में बढ़ रहा है। यूक्रेन के प्रति अचानक बदली अमेरिकी नीति के कारण अमेरिका के दोस्त देशों का भरोसा वैसे भी डिगा हुआ है।

# लड़कियों को धोखा देते एनआरआई दूल्हे

(सुभाष आनंद-विभूति फीचर्स)



एनआरआई दूल्हों से शादी करने वाली लड़कियों की परेशानियां साल दर साल बढ़ रही है। यदि पिछले 5 वर्ष के आंकड़ों पर दृष्टि डाली जाए तो पंजाब की लड़कियों ने सबसे ज्यादा धोखे खाए हैं । इनमें अधिकतर ऐसे एनआरआई दूल्हे है जिन्होंने लड़कियों से शादी तो भारत में कर ली पर बाद में अपने साथ नहीं ले गए। जो लड़के शादी करने के बाद अपनी पत्नी को विदेश ले गए वे भी वहां उनसे दुर्व्यवहार कर रहे हैं या फिर उन्हें मेड जैसे कार्यों में लगा रहे हैं। कई केसों में तो पता चला है कि दूल्हे ने तो विदेश में पहले ही शादी रचाई हुई होती है। ऐसे अनेक मामले सामने आ रहे हैं। अब लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है ,देखने में आया है कि कई लड़कियां अच्छे परिवार के लड़कों से शादी रचाकर ससुराल के पैसों से विदेश चली जाती है और विदेश में जाने के पश्चात वह अपने पति को भूल जाती है। अपने पति को विदेश बुलाने की बजाय वह उनसे संपर्क बनाने से ही परहेज करने लगती है। पंजाब में ऐसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस तरह की जानकारी उन आंकड़ों से सामने आई है जो पुलिस ने राष्ट्रीय महिला आयोग को दिए हैं। वर्ष 2021 से 2024 तक 896 मामले राष्ट्रीय महिला आयोग ने एनआरआई सेल को दिए गए। जिसमें शादी और अन्य घरेलू समस्याओं को लेकर मामले थे। पंजाब में ऐसे मामलों की संख्या 2021 में 152 थी जो 2022 में बढ़कर 176 हो गई है, 2023 में 204 और 2024 में इन शिकायतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई यह संख्या 276 तक पहुंच चुकी है।

पंजाब सबसे ज्यादा निशाने पर

2024 के अंत तक पंजाब में सबसे अधिक शिकायतें मिली जो 276 तक पहुंच गई ,दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र जहां 246 शिकायतें मिली ,तीसरे स्थान पर दिल्ली है जहां 228 शिकायतें मिली। पिछले वर्ष की बात करें तो दिल्ली सबसे ऊपर था। इन आंकड़ों से साफ दिखाई देता है कि दुनिया के विभिन्न विभिन्न देशों में रहने वाले एनआरआई लड़के भारत में सबसे ज्यादा पंजाबी कुड़ियों को धोखा दे रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार आस्ट्रेलिया, कनाडा, यू.के में रहने वाले एनआरआई लड़कों ने पंजाबी लड़कियों के साथ सबसे ज्यादा धोखे किए हैं। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पंजाब महिला आयोग ने पंजाबी मुटियारों का एक सम्मेलन करवाया,इसमें पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और इसे शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया । अमेरिकन एनआरआई लड़कों ने भारतीय लड़कियों का जहां शोषण किया वहीं धोखेबाजी भी की है। पंजाब में फगवाड़ा ,फिलौर ,जालंधर इन तीन बड़े शहरों में सबसे ज्यादा शिकायतें मिल रही है ,यहां के अधिकतर लोग पिछले कई वर्षों से विदेश गए हुए हैं,यहां उनके घर खाली पड़े हैं। प्रायः यह शिकायतें ज्यादा है कि ऐसे लोग भारत आकर शादी करते हैं फिर लड़कियों को विदेश ले जाकर उन्हें परेशान करते हैं। फिल्लौर की ईसाई परिवार से संबंधित मारिया ( बदला हुआ नाम) ने बताया कि मेरी शादी एक अच्छे परिवार में ईसाई रीति रिवाज से हुई लेकिन मेरे पति सैमुअल ने पहले ही कनाडा में शादी रचाई हुई थी। मुझे उसके बच्चों की देखभाल करने को कहा गया,विरोध करने पर वह मुझ पर हाथ उठाता। आखिर एक दिन मैंने सारी बात अपने माता-पिता को बताई। मारिया का कहना है कि एनआरआई लोगों से शादी करने से पहले मां-बाप को तसल्ली कर लेनी चाहिए, अधिकतर एनआरआई धोखेबाज ही निकलते हैं। विदेशों में बसे एनआरआई की चमक धमक को ही नहीं देखना चाहिए ,उनकी असलियत देखकर ही अपनी लड़की के रिश्ते करने चाहिए। कई लोगों का कहना है कि विदेश में ब्याही उनकी लड़कियां नरक भोग रही है। उन्हें तरह तरह से परेशान किया जाता है , उनकी लड़कियां विदेशों में मैड का काम करने को मजबूर है ,उन्हें घरों की सफाई करनी पड़ती है ,बच्चों को खिलाना पड़ता है ,यहां तक कि पाखानों की सफाई भी करनी पड़ती है। उन्हें नशे के धंधे में भी काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। दूर के ढोल सुहावने,कहावत की तर्ज पर अमेरिका में रहने वाले एनआरआई लड़कों ने लड़कियों को वहां के सुनहरे सपने दिखाकर उनके साथ सबसे ज्यादा धोखेबाजी की है। पिछले पांच वर्षों में इस देश से संबंधित एनसीडब्ल्यू को 380 से ज्यादा शिकायतें मिली है। इनमें से कुछ भारतीय लोग अमेरिका से आकर भारतीय दुल्हनों से शादी करके अमेरिका ले गए लेकिन वहां जाकर दुल्हन के साथ बुरा बर्ताव शुरू कर दिया। उन्हें घर की नौकरानी बना कर रख लिया। कुछ लोग पहले से ही शादी शुदा थे, उन्होंने अपने बच्चों के लालन-पालन के लिए उन्हें रख लिया। अधिकतर अमेरिकन एनआरआई लड़कों ने भारतीय लड़कियों से शादी करने के पश्चात उन्हें अपने साथ रखने से साफ इनकार कर दिया। घरवाली को विदेश बुलाने का कहने पर तो उनका एक ही उत्तर होता है कि वीजा लगने में भारी मुश्किल पेश आती है।

## शब्द सामर्थ्य -354

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 353 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# एआई और महिला सशक्तिकरण: डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम

सावित्री ठाकुर

आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें। डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है। एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ़्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है। विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा। हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ़्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके।

## रंगो का त्यौहार -

रंगो के पर्व पर हमको शुद्ध आत्म स्वरूप पाना हैं ।
नाजुक साँसो का क्या भरोसा ? पल - पल सफल बनाना हैं ।
आती रहेगी बाधाएं भी पथ में ।
हमको तनिक नहीं घबराना हैं ।
संसार यह झूठा सपना हैं ।
कोई भी यहाँ अपना नहीं हैं ।
नश्वर सतरंगी बहारों में उलझना नहीं हैं ।
मनचाहे के पीछे क्यों व्यर्थ चिंता ढ़ोते ।
सुख - दु:ख जीवन साथी समतामय बन जाना हैं ।
बाहर दौड़ लगाकर प्रभु को कैसे पायें ।
प्रभु हैं भितर घट में ज्ञान का "प्रदीप " जलायें ।
जीवन की यही सच्ची डगर व्यवहार मधुर बन जायें ।
अनमोल जीवन धड़ियाँ भव - सागर पार तरना हैं ।
धर्माचरण से सब संकट कट जाते ।
राग - द्वेष सभी मिट जाते ।
सत्संग की गंगा में नहाकर ।
रंगो के पर्व पर सरल पावन बन जाना हैं ।
आत्मा की मंजिल को पाना हैं ।
रंगो के पर्व पर हमको शुद्ध आत्म स्वरूप
पाना हैं ।



**प्रदीप छाजेड़**
**( बोरावड़)**

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है, आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरूस्कार भी मिलेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बात करेंगे। आप उन्हें कहीं घूमाने भी ले जायेंगे। इस राशि के कारोबारियों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा, आपकी कंपनी को नेशनल लेवल पर आयात-निर्यात में लाभ की प्राप्ति होगी। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ चल रही गलत फहमियां आज दूर हो जायेगी, रिश्ते में और मजबूती बढ़ेगी। आज परिवार वालों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें, सफलता मिल सकती है। ऑफिस में बॉस आपके काम से काफी खुश रहेंगे। आज आप किसी भी प्रकार का नया फैसला लेने से बचें। कामकाज समय पर निपटाने की कोशिश करें। आज आप घर के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आप घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ज्यादातर समय दोस्तों के साथ बीतेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी समारोह में जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। इस राशि के लोगों का लवमेट के प्रति अन्य दिन की अपेक्षा अधिक झुकाव रहेगा। छात्रों को आज कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। आज आपको सावधानी से अपने सारे काम पूरे करने चाहिए। आज आप जरूरतमंद को वस्त्र दान करेंगे, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आप जरूरतमंदों के लिए संवेदनशील रहेंगे। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएँ शुरू करना चाह रहे हैं, तो उनकी योजनाएं सफल रहेंगी। आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता प्राप्त होगी। इस राशि के नौकरी करने वाले लोगों को अपने सहकर्मियों से पूर्ण योगदान प्राप्त होगा, जिससे अपना काम समय से पूरा करने में सफल होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

**सिंह** — आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपको कई बड़े फायदे होंगे। इस राशि वाले स्टूडेंट्स को अच्छे परिणाम मिलेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन प्यार भरा रहेगा। अपनी ईमानदारी के कारण आपको जीवनसाथी और परिवारजनों का स्नेह प्राप्त होगा। आप अपनों को खुश करने के लिए उन्हें कुछ उपहार देंगे। किसी नए व्यक्ति से मुलाकात होगी। आज घर के साज-सज्जा में आपका समय बीतेगा। आज बच्चे काफी उत्साहित रहेंगे, इसके आपके चेहरे पर खुशी दिखेगी। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके मन में कुछ नया करने का विचार आ सकता है। किसी अपने से धन की प्राप्ति हो सकती है। पारिवारिक खुशी का लाभ होगा। आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ज्यादा मेहनत करेंगे। आज आपको दूसरों की मदद करने का मौके मिलेगा। आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। लम्बे समय से चल रहे किसी कोर्ट केस का फैसला आपके पक्ष में आयेगा।

**तुला** — आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं। जीवनसाथी को कुछ अच्छा-सा गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आपके रूके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आपके सामने आई समस्याओं को आप आसानी से हल कर सकते हैं। इस राशि के लोगों को आज संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है। अपने दोस्तों से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप जिस भी काम को करेंगे उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। आपसे कई लोग मदद भी ले सकते हैं। आप लोगों को जरूरत के अनुसार ही सलाह दें। आपके विरोधी आपके काम में अड़चने डाल सकते हैं। बेहतर होगा कि अपने विरोधियों से दूरियां बनाकर रहें और आज सभी के साथ प्यार से पेश आएं। बदलते मौसम के कारण आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आ सकता है। आज घर के कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। छात्रों को अपनी पढ़ाई पर फोकस करने की जरुरत है।

**धनु** — आज किसी बात को लेकर आपका मन उत्साहित रहेगा। आज आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका वैवाहिक जीवन पहले की अपेक्षा काफी खुशनुमा बना रहेगा। पूरी कोशिश करके आप परिवार वालों की जरूरतों को पूरा करेंगे। इस राशि की महिलाएं सौन्दर्य से संबंधित वस्तुओं पर पैसा खर्च कर सकती है। कुछ लोग फालतू बातचीत में आपका समय खराब कर सकते हैं। अच्छा रहेगा आज आप अपने कार्यों पर ध्यान दें। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जा सकते हैं।

**मकर** — आज आपको व्यापार में अचानक फायदा होगा। आमदनी का नया सोर्स भी मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज आपको अच्छे कामों के लिए बधाई मिलेगी। आपकी सफलता दूसरों को प्रेरित करेगी। अपना मत बिना झिझक के सबके सामने रख सकते हैं, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। छात्रों के लिए समय अनुकूल बना हुआ है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुए है। लवमेट से आज उपहार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन घूमने-फिरने में बीतेगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। हो सकता है कि माता-पिता के साथ मंदिर जाने का प्लान भी बनाएं। किसी काम का समाधान आपको मिल सकता है। कार्यों में मित्रों का भी सहयोग मिलेगा। आपके कामकाज से अधिकारीवर्ग प्रसन्न रहेंगे। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज्यादा ही ऊँचा तय कर सकते हैं। लवमेट के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी।

**मीन** — आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपको बेहतर सलाह मिलेगी। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। अपने जीवनसाथी के साथ अच्छे पल बिताएंगे। आपके कंधों पर एक से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जो आगे चलकर आपके मान-सम्मान में कारगर साबित होंगी। आप खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार से आज आप मिलने जा सकते है। आज आपको अचानक धन लाभ होगा।

# आनंद और उल्लास की अनोखी छटा का त्यौहार होली

(रामभुवन सिंह ठाकुर-विभूति फीचर्स)

रंगों का त्यौहार होली समस्त त्यौहारों का शिरोमणि है। यह हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह, एकता, प्रेम और मेल-मिलाप का अनुपम उपहार लेकर आता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्यौहार भारत में ही नहीं, वरन् विदेशों में भी बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। भले ही इसका नाम और मनाये जाने का तरीका भिन्न-भिन्न हो, परंतु उन सब में भी होली की छटा दृष्टिगोचर होती है। आनन्द एवं उल्लास की अनुपम छटा बिखेरते इस अनूठे, चमत्कारी पर्व पर सभी प्रसन्न मुद्रा में दिखाई देते हैं। चारों ओर रंग, अबीर, गुलाल की फुहार उड़ती दिखाई देती है। लोग अजीब-अजीब विकृत स्वांग बनाते, एक दूसरे को विनोदमय उपाधियों से विभूषित कर, %बुरा न मानो होली है% की अलख जगाते हुए, उनके विशिष्ट गुणों-अवगुणों को उजागर कर, सुधार का संदेश देते हैं। आपस में हंसी-मजाक करते, नाचते-गाते, मस्ती भरे फागुन गीतों का आनंद लेते हैं। अंग-अंग, रंग-तरंग से मस्त झूमते हुए दिखाई देते हैं एवं समवेत स्वर गूंज उठता है।

**रंग बरसे, भीगे चुनर वाली, रंग बरसे**

ऋतु चक्रानुसार फाल्गुन पूर्णिमा को ऋतुराज बसंत अपने पूर्ण यौवन पर आ जाता है जिससे सम्पूर्ण सृष्टि में उन्मादी माधुर्य छा जाता है। प्रकृति की मन मोहकता को देखकर वसुन्धरा खिल उठती है, उसका रोम-रोम आनन्दातिरेक की सिहरन से भर उठता है। अर्ध मुकुलित नाना वर्णो के पुष्प प्रकृति की नाना इच्छाओं के रूप में विकसित हो उठते हैं एवं फलों में भी गुणवृद्धि हो जाती है, इसी से होली पर्व को फाल्गुनी भी कहते हैं। प्रकृति मानव की सदैव चिरसहचरी रही है। वह हमारे सुख-दुख की सहभागिनी है।

**किसलय वसना, नव वय-लतिका**
**मिली मधुर प्रिय उर, तरू-पतिका।**

प्रकृति जब भीनी-भीनी सुगन्ध एवं माधुर्य से गदरा उठती है और उसके सौन्दर्य की मादकता, उस अपूर्व माधुर्य भार को सम्हाल नहीं पाती है तो कली-कली में बसंत किलकारी मारने लगता है। सौरभ भार से अवनत वायु मानव-हृदय को भी मादकता से भर देती है। तब मानव अपने उन्मादी मनोभावों को हास्य-विनोद, चुटकुलों में अभिव्यक्त करने, हंसने-हंसाने का माहौल बना लेता है और इस अलमस्त होली के त्यौहार को आनन्दाभिव्यक्ति का समवेत रूप निर्मित करते हुए इन्द्रधनुषी रंगों की अनुपम छटा बिखेरता हुआ रंगों का पर्व मानता है।

**सह न सकी भार धरा, मधुमास के यौवन का।**

**सौरभ सुगन्ध बिखेरता, बीता मास फाल्गुन का।**

**आया त्यौहार उल्लास, उमंग प्रेम-मिलाप का।**



**उड़त रंग, अबीर, गुलाल, आया मौसम रंगों का।**

एक किवदन्ती के अनुसार यह पर्व %शिव वरदानी ढूंढसा नामक राक्षसी से भी जुड़ा है, जो अपना वीभत्स रूप धरकर गांव में आती, बच्चों को डराती तथा उठाकर ले जाती थी, जिससे तंग आकर उस भयावह राक्षसी को भगाने के लिए बालकों ने एक जुट होकर रंग-बिरंगे अद्भुत, डरावने स्वांग बनाये और उस राक्षसी से मुक्ति पाने में सफलता हासिल की। कहते हैं तभी से एक दूसरे पर रंग-रोगन, कीचड़, गोबर आदि डालने, वीभत्स स्वांग बनाने, चिढ़ाने, हा-हा- हू-हू करते हुए खुशी से उछलने, नाचने, मौज-मस्ती मनाने की प्रथा चली आ रही है।

आमोद-प्रमोद, रंग-तरंग, उमंग भरे इस त्यौहार में अबाल, वृद्ध नर-नारी सभी सप्त रंगी, रंगों में सराबोर हो बसन्ती बयार के संग-संग मस्ती में झूमने लगते हैं, उन्मादी मन मचलने लगता है। झांझ मंजीरे के साथ जब ढोलक की थाप पर फाल्गुनी गीतों के मधुर स्वर गूंजते हैं, तो पैर अपने आप थिरकने लगते हैं, बिन पायल ही घुंघरू बज उठते हैं, मन कूंह-कूंह कर नाचने लगता है। रंग-बिरंगे, अनोखे स्वांग में मतवाले, बिन सुर-ताल ही, भंग-तरंग, सुरा-संग मदमस्त हो झूम उठते हैं। ऐसे अनूठे माहौल में बूढ़ा भी जवान और कलुआ भी ललुआ नजर आता है। संपूर्ण वातावरण रंगीन हो उठता है। इसी से इसे मदनोत्सव भी कहा जाता है।

**जहं-तहं जनु उमंग अनुरागा। देखि मुएहू मन मनंसिजज जागा (तुलसीदास)**

उन्मादी मन का उन्माद और गुबार निकालने एवं जीवन की एक रसता से मुक्ति पाने, हंसने-हंसाने के लिए, मूर्ख सम्मेलन, हास्य कवि सम्मेलन, फाल्गुन गीतों आदि का आयोजन किया जाता है। रंग पंचमी तक हर जगह यह माहौल चरमोत्कर्ष पर रहता है। हास्य जीवन का रस है। कड़वाहट के आंसू से जब मन खारा हो जाता है, तब वह मुस्कान की मधुरिमा से उसे मीठा कर लेता है, हंसने-हंसाने का कोई न कोई बहाना ढूंढ लेता है और होली उत्सव उसकी एक सफल, अनूठी खोज है। जीवन संघर्षों के गर्दोगुबार से हमारी मुस्कान मैली न होने पाये, इसीलिए सभी सहृदय जी भरकर होली खेलते हैं, एक दूसरे से गले मिलते हैं। ईसुरी की फाग और बरसाने की होली तो जग जाहिर है, जो मन को गुदगुदाये बिना नहीं रहती है। कृष्ण कन्हैया ने राधा और गोपियों के संग जो होली खेली है, उसे स्मरण कर एवं गा-गाकर आज भी मन उमंगित, प्रफुल्लित हो उठता है। कान्हा के ब्रज की होली को देखकर तो देवता भी मुग्ध हो जाते हैं।

**होली खेलत कान्हा, देवन मन भायी।**
**उड़त अबीर, गुलाल, अवनी अम्बर छायी।**

आइये, हम सभी इस खुशनुमा मौसम में रंगों और उमंगों से भरपूर इस होली के त्यौहार को हंसी-खुशी से बिना किसी भेदभाव के उत्साहपूर्वक मनाये। यह त्यौहार दैत्यराज हिरण्यकश्यप की बहिन होलिका एवं भक्त प्रहलाद की पौराणिक गाथा से भी जुड़ा है, जो नास्तिकता पर आस्तिकता, पाप पर पुण्य एवं दुराचरण पर सदाचरण तथा धर्माचरण की विजय का प्रतीक है। अत~ हम सभी समस्त बुराईयों तथा अंदर बाहर की गंदगी को जलाकर, भाई-चारे की सद्भावना प्रबल करें। ज्ञान-गुलाल लगाये एवं चरित्र रंग की वर्षा कर सबको नैतिकता का अक्षय-चंदन, रोली लगाकर गले मिले, जिससे नफरत, ईर्ष्या, द्वेष, अभद्रता, अनैतिकता भस्म हो जायें एवं खिलखिलाती उल्लास, उमंग, प्यार भरी होली अपनी गुलाबी छटा बिखेरती रहे तथा समस्याओं, उलझनों, साम्प्रदायिक संकीर्णता में फंसी जिंदगी में एक नई बहार संचरित हो सके । होली जैसे हंसी-खुशी के त्यौहार में सुरा-पान या कोई भी नशा करके रंग खेलना, गाली गलौच करना, घरों पर गंदगी, पत्थर आदि फेंकना, झगडऩा, अश्लील, फूहड़, भौंडी, अशिष्ट हरकतें करना, कीचड़, गोबर, डामर, तेजाब आदि डालना, अशोभनीय एवं अनुचित तथा रंग में भंग करना जैसा कृत्य है।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ, किडनी रोगों से बचें: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## नियमित जाँच और अंगदान को बढ़ावा देने का किया आह्वान

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी रोगों से बचा जा सकता है। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों से किडनी रोगों के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के प्रमुख कारण हैं। इसके नियंत्रण के लिए समय पर जांच और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं लेकिन अधिक मात्रा में पानी पीने से बचें। अपने आहार में किडनी के लिए अनुकूल फल और सब्जियाँ शामिल करें और भोजन में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों का प्रयोग करें। नियमित रूप से व्यायाम करें और धूम्रपान व शराब के सेवन से बचें। साथ ही, चीनी और नमक के अधिक सेवन से परहेज करें ताकि किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित न हो।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और सभी नागरिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार किडनी रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और डायलिसिस सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 67 डायलिसिस इकाइयाँ कार्यरत हैं, जहाँ 325 डायलिसिस मशीनों के माध्यम से मरीजों को राहत दी जा रही है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक 5058 मरीजों ने इन सेवाओं का लाभ लिया, और इस अवधि में 1,76,975 डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। सभी शासकीय चिकित्सालयों में गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवा सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है, जिससे राज्य स्तर से सभी डायलिसिस इकाइयों पर निगरानी रखी जा रही है।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मधुमेह और उच्च रक्तचाप से ग्रस्त सभी मरीजों की नियमित सीकेडी जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि इस बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में पहचाना और नियंत्रित किया जा सके। सभी चिकित्सकों को भी इस विषय में जागरूक किया जा रहा है कि वे उच्च जोखिम वाले मरीजों की समय पर पहचान कर उचित मार्गदर्शन दें।उन्होंने नागरिकों से अंगदान को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार अंग प्रत्यारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं पर कार्य कर रही है, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को नया जीवन मिल सके। दर्द निवारक दवाओं का अधिक सेवन- दर्द कम करने वाली एनाल्जेसिक दवाएं अत्यधिक उपयोग से किडनी को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के इनका लंबे समय तक सेवन न करें। अधिक नमक का सेवन- ज्यादा नमक या सोडियम युक्त आहार से रक्तचाप बढ़ता है और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए नमक की जगह जड़ी-बूटियों और मसालों का उपयोग करें। प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ- अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड में सोडियम, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा अधिक होती है, जिससे किडनी रोग का खतरा 24S तक बढ़ सकता है। इनकी जगह ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ अपनाएं। कम पानी पीना- शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा न होने से किडनी विषाक्त पदार्थों को ठीक से बाहर नहीं निकाल पाती, जिससे क्षति का खतरा बढ़ जाता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खासकर गर्म मौसम में या अधिक शारीरिक गतिविधि करने पर। नींद की कमी- अच्छी नींद संपूर्ण स्वास्थ्य और किडनी के सुचारू कार्य के लिए आवश्यक है। नींद-जागने का चक्र किडनी के कार्यभार को नियंत्रित करता है, जिससे शरीर में संतुलन बना रहता है। अत्यधिक मांस का सेवन- प्रोटीन जरूरी है, लेकिन अधिक मात्रा में मांस खाने से किडनी पर दबाव बढ़ सकता है। संतुलित आहार का पालन करें और अपनी प्रोटीन आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। अत्यधिक चीनी खाना- अधिक चीनी मोटापे को बढ़ाती है, जिससे उच्च रक्तचाप और मधुमेह का खतरा बढ़ता दोनों किडनी रोग के प्रमुख कारण हैं। धूम्रपान- धूम्रपान न केवल हृदय और फेफड़ों के लिए बल्कि किडनी के लिए भी हानिकारक है। धूम्रपान करने वालों में मूत्र में प्रोटीन बढ़ने की संभावना अधिक होती है, जो किडनी खराबी का संकेत हो सकता है। अत्यधिक शराब सेवन- ज्यादा शराब पीने से किडनी के कार्य प्रभावित होते हैं, जिससे शरीर में पानी का संतुलन बिगड़ सकता है और रक्तचाप बढ़ सकता है, जो किडनी रोग का प्रमुख कारण है। निष्क्रिय जीवनशैली- नियमित व्यायाम से वजन, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को संतुलित रखा जा सकता है, जिससे किडनी को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। लंबे समय तक बैठे रहने से बचें और शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# कमिश्नर व आईजी पहुंचे मैहर, माँ शारदा के किये दर्शन

**रीवा,कासं.।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने मैहर पहुंचकर माँ शारदा के दर्शन किये। इस दौरान कलेक्टर मैहर रानी वाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर एवं आईजी ने मैहर शहर का भ्रमण कर होली के त्यौहार को लेकर की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तदुपरांत अधिकारियों ने मैहर जिले के मुकुन्दपुर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ मंदिर में अटका प्रसाद के लिए की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिये।



## होली आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का प्रतीक: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### होली एवं होलिका दहन की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को रंगों के महापर्व होली एवं होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का प्रतीक है, जो हमें सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कामना की है कि होलिका दहन की पावन अग्नि सभी नकारात्मकता, दुख और रोगों को समाप्त करे तथा प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की अपील की। उन्होंने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि यह त्यौहार नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे।

## मऊगंज में 14 मार्च को बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने 14 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णत- प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## रीवा जिले में आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 14 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को संपूर्ण रीवा जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णत- प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवस पर कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस, वाईनआउटलेट, देशी मदिरा भण्डारागार एवं देशी मदिरा वॉटलिंग यूनिट बंद रहेंगी। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन 31 मार्च तक

**रीवा,कासं.।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक किया जाना है। जिले में निर्धारित 57 केन्द्रों में सेवा सहकारी समिति स्तर पर निशुल्क किसानों के गेंहू उपार्जन केन्द्र निर्धारण किया गया है एवं क्षेत्र में संचालित एमपी आनलाइन/कियोस्क/लोक सेवा केन्द्र/ सुविधा केन्द्र के माध्यम से किसानों के पंजीयन निर्धारित शुल्क अनुसार किये जा रहे है। गेंहू उपार्जन हेतु शासन द्वारा समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल रूपये 2425 एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित बोनस राशि रूपये 175 रूपये प्रति क्विंटल के मान से किसानों को आनलाइन विक्रय फसल का भुगतान किया जायेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने कृषकों से अपेक्षा की है कि सुविधा अनुसार पंजीयन अवधि समाप्त होने के पूर्व नजदीकी समिति के पंजीयन केन्द्र/एमपी आनलाइन/कियोस्क/लोक सेवा केन्द्र/सुविधा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन करा ले।

# ई-आफिस कार्य प्रणाली के संबंध में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**रीवा,कासं.।** समस्त कार्यालय में 31 मार्च तक ई-आफिस कार्य प्रणाली लागू किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये हैं। जिला ई-दक्ष केन्द्र में जिले के विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-आफिस संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गतदिवस कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-आफिस कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। इसी क्रम में 17 मार्च से 20 मार्च तक विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्य प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि स्वयं एवं अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर अनिवार्यत- प्रशिक्षण प्राप्त करें।



**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### एपल ने संवेदनशील जानकारी तक पहुंच से भारत में प्रतिद्वंद्वियों को रोका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आईफोन निर्माता एपल ने भारत में अपने प्रतिद्वंद्वियों मैच और स्टार्टअप्स के एक समूह को अपनी व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने से रोक दिया है। पिछले वर्ष भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने जांच में पाया कि एपल ने अपने आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम पर एप स्टोर्स के बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाकर एप डेवलपर्स, यूजर्स और अन्य भुगतान प्रोसेसरों को नुकसान पहुंचाया। हालांकि, एपल ने किसी भी गलत काम से इन्कार किया है। उसका कहना है कि वह भारत में एक छोटी कंपनी है, जहां गूगल के ऑपरेटिंग सिस्टम वाले फोन का बोलबाला है। उधर, सीसीआई की जांच प्रक्रिया समाप्त हो गई है, लेकिन अभी निष्कर्षों की समीक्षा करनी है जिसके बाद अंतिम निर्णय आएगा। अगर यह साबित हो जाता है कि कंपनी गलत कार्य में शामिल है, तो एपल को जुर्माना भरने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। स्टार्टअप समूह अलायंस ऑफ डिजिटल इंडिया फाउंडेशन (एडीआईएफ) ने सीसीआई से कुछ गोपनीय जानकारी तक पहुंच की मंजूरी देने की अपील की थी, जिसमें डेवलपर भुगतान और कुल बिलिंग का विवरण शामिल था।

### महंगाई के नरम आंकड़ों ने बदला बाजार का मूड, शुरुआती दबाव के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में लौटी हरियाली

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मजबूत घरेलू आर्थिक आंकड़ों के बाद आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में खरीदारी से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। सुबह के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 192.32 अंक या 0.26 प्रतिशत चढ़कर 74,222.08 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 21.75 अंक या 0.1 प्रतिशत बढ़कर 22,492.25 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, जोमैटो, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, एनटीपीसी और टाइटन शामिल थे। इसके विपरीत, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और नेस्ले इंडिया पिछड़ गए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, ÷गुरुवार को बाजार घरेलू अनुकूल परिस्थितियों और वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच आगे बढ़ेगा। घरेलू वृहद आर्थिक हालात बेहद सकारात्मक हैं।

**महंगाई घटने से बाजार को राहत**

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई, जो इसका मुख्य कारण सब्जियों, अंडों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में कमी है, जिससे आरबीआई के लिए अगले महीने ब्याज दरों में एक और कटौती करने की गुंजाइश बन गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के दूसरे सेट से पता चला है कि उद्योगों के प्रदर्शन का एक माप, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में वृद्धि जनवरी 2025 में 5 प्रतिशत तक बढ़ गई, जो विनिर्माण गतिविधि में तेजी से प्रेरित थी। विजयकुमार ने आगे कहा, इस मैक्रो डेटा से शेयर बाजार को बढ़ावा मिला होगा, जहां मूल्यांकन उचित है और कुछ जगहों पर आकर्षक भी है। ट्रंप द्वारा शुरू किया गया व्यापार युद्ध और भी बदतर होता जा रहा है। एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल में मिश्रित रुख के साथ कारोबार हो रहा था। बुधवार को रात भर के सौदों में वॉल स्ट्रीट बढ़त के साथ बंद हुआ।

# सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी ऑल इंग्लैंड के दूसरे दौर में, डेनियल-वेस्टेरगार्ड को दी मात

**बर्मिंघम,एजेंसी ।** भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई है। सात्विक-चिराग ने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टेरगार्ड को सीधे गेम में हराया।

पिछले महीने पिता के निधन के बाद वापसी करने वाले सात्विक ने अपने जोड़ीदार चिराग के साथ मिलकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया और 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की।



### अब चीनी जोड़ी से होगा सामना

एशियाई खेलों की चैंपियन सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी राउंड ऑफ 16 के दौर में गुरुवार को चीन की हाओ नान जेई और वेई हान झेंग का सामना करेगी।

दिन के अन्य मैचों में लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल वर्ग में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा, जबकि मालविका बंसोड़ जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची का सामना करेंगी। मालविका ने इससे पहले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के अपने डेब्यू मैच में सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई जोड़ी ही जियोंग किम और ही योंग कोंग की जोड़ी से होगा।

### सिंधू का सफर पहले दौर में थमा

इससे पहले, महिला एकल वर्ग में बुधवार को बड़ा झटका लगा था और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सफर पहले ही दौर में थम गया था। सिंधू को पहले दौर में कोरिया की किम गा युन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने किम के खिलाफ पहला गेम जीता था, इसके बावजूद तीन गेम तक चले मैच में हारकर बाहर हो गईं। पैर की मांसपेशियों में चोट के बाद वापसी कर रहीं 29 साल की सिंधू को एरेना बर्मिंघम में एक घंटे से कुछ अधिक समय चले मुकाबले में दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी किम के खिलाफ 21-19, 13-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

## धर्मशाला: एशियाई चैंपियनशिप जीतने के बाद अब कबड्डी विश्व कप की तैयारी में जुटेंगी पुष्पा, ज्योति और भावना

**धर्मशाला,एजेंसी।** तेहरान में आयोजित छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली हिमाचल की बेटियां बुधवार को धर्मशाला पहुंचीं। देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर और भावना के सम्मान में भारतीय खेल प्राधिकरण के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला की ओर से आज स्वागत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली से बुधवार को पहुंचीं खिलाड़ियों ने सेंटर में आराम किया। भारतीय महिला कबड्डी की टीम में सूबे से पांच खिलाड़ी खेलीं। इसमें तीन खिलाड़ी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला की हैं। विजेता भारतीय टीम की सदस्य का अगला लक्ष्य जून में होने वाले कबड्डी विश्व कप है। कबड्डी विश्व कप बिहार में 1 से 13 जून को आयोजित किया जाएगा। अप्रैल में कबड्डी टीम को कोचिंग कैंप लगाया जाएगा। इसमें साई सेंटर की चार खिलाड़ी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, भावना और चंपा का चयन हुआ है। विश्व कप के बाद खिलाड़ियों का लक्ष्य 2026 में होने वाली एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने को लक्ष्य है। सेंटर के प्रभारी राकेश जस्सल ने कहा कि छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सेंटर की खिलाड़ी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर और भावना टीम के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# हिमाचल के हेमचंद और हर्षिता ने विशेष ओलंपिक में भारत को दिलाए रजत पदक

**शिमला/नाहन/मनाली,एजेंसी ।** इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों ने देश के लिए दो पदक जीते हैं। सिरमौर के हेमचंद और शिमला की हर्षिता ठाकुर ने स्नो बोर्डिंग स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम कर लिए हैं। विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में सिरमौर से मेघा शर्मा व हेमचंद शर्मा हिस्सा ले रहे हैं। मेघा शर्मा हेमचंद की कोच भी हैं। प्रतियोगिता में मेघा शर्मा क्रॉस कंट्री स्कीइंग और हेमचंद स्नो बोर्डिंग खेल में भाग ले रहे हैं।




आस्था वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष संजीव शर्मा और सोसायटी की समन्वयक रूचि कोटिया ने बताया कि इटली में 7 से 14 मार्च तक आयोजित हो रही प्रतियोगिता में हिमाचल के आठ जिलों के 14 खिलाड़ी अपना दम दिखा रहे हैं।

### खेलों इंडिया गेम्स में हिमाचल की झोली में आए छह पदक

हिमाचल स्की पर्वतारोहण टीम ने जम्मू और कश्मीर के गुलमर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है। कुल छह पदक जीतते हुए टीम को ओवरऑल दूसरी रैंकिंग मिली है। हिमाचल की टीम ने असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए कुल छह पदक हासिल किए। अध्यक्ष प्रवीण कुमार पिंटू ने बताया कि पहले दिन महिलाओं की वर्टिकल रेस में रजत और कांस्य जीते। दूसरे दिन महिलाओं की वर्टिकल रेस में स्वर्ण और रजत, तीसरे दिन पुरुषों की रिले रेस में कांस्य, चौथे दिन महिलाओं की रिले रेस में स्वर्ण पदक जीता।

# आईपीएल में एलएसजी के लिए बतौर बल्लेबाज खेलेंगे मिचेल मार्श

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श को आईपीएल में बतौर बल्लेबाज खेलने की मंजूरी मिल गई है और पीठ में चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से चूकने वाले मार्श अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। 33 वर्षीय मार्श 31 जनवरी को पीठ के निचले हिस्से में दर्द के चलते श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। ऐसा माना गया था कि उन्हें डिस्क संबंधी समस्या थी जिसे वह सितंबर 2024 में इंग्लैंड दौरे से ही झेलते आ रहे थे। मार्श ने फरवरी की शुरुआत में विशेषज्ञ का रुख किया और इसके बाद उन्होंने समस्या से उबरने के लिए आराम करने का फैसला किया।

पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू किया है और उन्हें आईपीएल में सिर्फ बतौर बल्लेबाज खेलने की अनुमति मिली है, ऐसे में वह लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए इस सीजन इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते दिखाई दे सकते हैं, एलएसजी ने उन्हें पिछले साल नीलामी में 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा था। मार्श 18 मार्च को एलएसजी के दल के साथ जुड़ सकते हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलिया और पर्थ स्कॉर्चर्स के कोच जस्टिन लैंगर भी इसी दल का हिस्सा हैं और यह बतौर एलएसजी कोच उनका दूसरा सीजन होगा। मार्श ने 7 जनवरी के बाद से ही बीबीएल का कोई मुकाबला नहीं खेला था। इसके बाद उन्हें पर्थ स्कॉर्चर्स के अंतिम दो मुकाबलों से आराम दे दिया गया था। यह मैच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के अंतिम टेस्ट से बाहर होने के बाद उनके द्वारा खेला गया एकमात्र मैच भी था।

बीबीएल से पहले उन्होंने अंतिम बार सफेद गेंद क्रिकेट इंग्लैंड के टी20 और वनडे दौरे पर ही खेला था। मार्श ने पिछले तीन आईपीएल सीजन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए खेले थे और तीनों ही सीजन में चोट ने उनका पीछा नहीं छोड़ा था। पिछले सीजन चार मैच खेलने के बाद ही उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई थी और वह इससे उबरने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे ताकि टी20 वर्ल्ड कप के लिए वह खुद को तैयार कर सकें। इससे पहले वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच), राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, पुणे वॉरियर्स और डेक्कन चार्जर्स के लिए भी खेल चुके हैं।

# जैन साध्वी रमणीक कुंवर जी की दीक्षा जयंती पर नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. चौधरी चिकित्सा रत्न से सम्मानित

## शिवपुरी में चार्तुमास कर चुकी साध्वी जी का वर्ष 2025 में खाचरौद में होगा चातुर्मास



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी में चार्तुमास कर चुकी प्रसिद्ध जैन साध्वी निमाड़ सौरभ श्री रमणीक कुंवर जी महाराज साहब का 64 वां दीक्षा जयंती महोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ एमआईजी कॉलोनी इंदौर के जैन स्थानक में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्र्मसभा में साध्वी नूतन प्रभाश्री जी ने अपनी गुरूणी मैया साध्वी रमणीक कुंवर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपने साधना काल में देवगुरू धर्म के आचारण को अंगीकार कर जिन शासन की महती प्रभावना की है। उनका त्यागमयी जीवन साधू संतों और श्रावकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर श्री सौभाग्य प्रकाश शांति रमणीक धार्मिक एवं परमाथिक न्यास द्वारा गुरूणी मैया रमणीक चिकित्सा रत्न सम्मान प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं समाज गौरव डॉ. राजीव चौधरी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रमण संघीय प्रर्वतक प्रसिद्ध संत प्रकाश मुनिजी ने घोषित किया कि साध्वी रमणीक कुंवर जी ठांणा सात सतियों का चार्तुमास खाचरौद उज्जैन में होगा। साध्वी रमणीक कुंवर जी के 64 वें दीक्षा जयंती महोत्सव के अवसर पर गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ। जिसका सुन्दर संचालन अतुल झामर ने किया और विभिन्न वक्ताओं डॉ. राजीव चौधरी, जिनेश्वर जैन, सुभाष विनायका, नरेन्द्र मुणत, लेखराज सकलेचा ने साध्वी रमणीक कुंवर जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता वेमिशाल है। मानवीय संवेदना की धनी साध्वी रमणीक कुंवर जी ने हमेशा सामज को जनहितैषी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिन शासन की प्रभावना बढ़ाने में वह निरंतर गतिशील है। महासती जी के दीक्षा जयंती के अवसर पर श्री सौभाग्य प्रकाश शांति रमणीक धार्मिक एवं परमार्थिक न्यास का गठन किया गया। इसका पहला सम्मान राजस नेत्रालय के चिकित्सक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव चौधरी को दिया गया। इस अवसर पर डॉ. चौधरी का सम्मान प्रवीण बम, विक्रम श्रीमाल, अशोक सुराना, वीरेन्द्र नाहर, विजय सिंह नाहर, अजीत सिंह चौधरी, भगवती लाल जी ने शॉफा पहनाकर तथा शॉल माला स्मृति चिन्ह एवं बहुमान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। महासती रमणीक कुंवर जी ने अपना उदबोधन में कहा कि यह सम्मान पात्र व्यक्तित्व को प्रदान किया गया है। डॉ. चौधरी जिन शासन में विचरण करने वाले साधू साध्वी भगवंतों की निस्वार्थ आत्मीय भाव से श्रद्धाशील होकर सेवा करने में अग्रणीय है। महासती रमणीक कुंवर जी ने सम्मानजनों के समक्ष स्थानक भवन को बड़ा करने की भावना प्रकगट की।

उन्होंने कहा कि स्थानक भवन छोटा है और बहुत से लोग आज के कार्यक्रम में बाहर खड़े हुए हैं। इससे भवन को बड़ा करने की आवश्यकता महसूस हो रही है और समाज को इस काम को प्राथमिकता से पूर्ण करना चाहिए। कार्यक्रम में खाचरौद श्री संघ की चार्तुमास की विनती को स्वीकार किया गया।

# देहात पुलिस की कार्रवाई, 1 लाख 20 हजार की 30 पेटी देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 30 पेटी देशी शराब और एक बिना नंबर की कार जब्त की है। देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करने पुलिस टीम शारदा सॉल्वेंट के पास करवाया-बांसखेड़ी मार्ग पर पहुंची। वहां उन्हें एक सिल्वर रंग की बिना नंबर वाली ऑल्टो कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने कार को मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर बांसखेड़ी के पास उसे पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अभिनंदन लोधी बताया। वह राजपुर गांव का रहने वाला है। कार की तलाशी में बीच वाली सीट से 20 पेटी और डिक्की से 10 पेटी देशी प्लेन शराब बरामद हुई। जब्त की गई 270 लीटर शराब की कीमत 1.20 लाख रुपए है। कार की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रत्नेश सिह यादव थाना प्रभारी देहात, प्रआर. दीपचन्द्र, प्रआर. आदेश धाकड, प्रआर. सुनील भार्गव, प्रआर. सुरेन्द्र दुबे, प्र.आर. हृदेश पाराशर, प्र.आर. मोहन सिंह, आर. बदन सिह, दिनेश सिह, राघवेन्द्र रावत, सचेन्द्र शर्मा, प्रताप रावत, रनवीर शर्मा, मनोज गौड़, मनोज कुमार, म.आर. शिल्पी गुप्ता की मुख्य भूमिका रही है।

# कोलारस पुलिस ने कट्टे के एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पड़ोरा भेडफ़ार्म के पास से एक व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 315 बोर का एक देशी कट्टा और एक जिंदा राउण्ड बरामद किया है। कोलारस टीआई रवि चौहान के अनुसार आज भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर से पड़ोरा भेडफ़ार्म महुआ के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति महेश पुत्र पन्नालाल गुर्जर उम्र 35 साल निवासी ग्राम इमलावदा धर्मपुरा थाना कोलारस जिला शिवपुरी खड़ा था जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी की कमर में एक 315 बोर का देशी कट्टा खुर्से मिला उक्त कट्टे के बेरल में एक जिन्दा कारतूस लगा था। उक्त कट्टे का महेश गुर्जर के पास कोई लायसेंस न होने से मौके पर समक्ष पंचान आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा मय एक जिन्दा राउण्ड के जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी महेश गुर्जर थाना कोलारस एवं थाना फिजीकल, थाना कोतवाली शिवपुरी के चोरी, लूट, डकैती, मारपीट जैसे कई अपराधों में पूर्व से अपराधी रहा है। उक्त आरोपी थाना कोलारस एवं थाना फिजीकल शिवपुरी के गिरफ्तारी वारंट में काफी समय से फरार चल रहा था। उक्त आरोपी को आज जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरी. रवि चौहान, उनि0 सौरभ तोमर, प्र.आर. दिलीप सिंह राजावत, प्र.आर. सुभाष यादव, प्र.आर. नरेश दुबे, प्र.आर. विपिन भदौरिया, आर. नाहरसिंह, आर. देशराज राठौर, आर. राहुल रावत, आर.चा. बलराम मोगिया की विशेष भूमिका रही है।

# सिविल जज परिक्षा में अक्षय जैन का चयन, कोलारस आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**शिवपुरी ब्यूरो।** बीते दिनो जारी हुए दिल्ली सिविल जज परिक्षा परिणाम में चयन होने वाले अक्षय जैन का कोलारस नगर में स्वागत हुआ अक्षय जैन ने सिविल जज परिक्षा में 7 रेंक हासिल की है। इस दौरान अक्षय जैन ने अपने माता-पिता श्रीमान डॉशीतल चंद्र जैन एवं अनीता जैन की त्याग की कहानी बताते हुए कहा कि माता पिता एवं बड़े भाई अनुभव जैन ने और उनके नाना किशनमल जैन, मामा अनिल कुमार जैन, आशीष जैन निवासी कोलारस व अन्य परिजनो ने शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा प्रोत्साहित किया है अब अक्षय की सफलता से परिवार के लोग उत्साहित हैं। अक्षय ने बताया कि उनहोने परिवार से दूर रहकर दिल्ली में पड़ाई की जहां वे सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहे थे एवं साथ ही साथ न्यायिक सेवा की तैयारी करने में जुट गए और अपने इस प्रयास में अक्षय ने सिविल जज परिक्षा ढ्रक्र - 7वीं रैंक हासिल की।

**माता-पिता की मेहनत रंग लाई**

अक्षय की मां अनिता जैन बेटे की सफलता पर खुशी से फूली नहीं समा रही हैं। अक्षय के पिता शीतल चन्द जैन ने बताया कि हमने बेटे कि बेहतर शिक्षा के लिए अपने से दूर रखा जिससे वह स्वंय शिक्षा के दम पर आगे बड़े और नाम रोशन करके आज के दिन वो हमारे सामने है। आज जब वह सफल हुआ है तो लग रहा है कि हमारी मेहनत सफल हो गई। अक्षय के कोलारस आगमन पर अक्षय को बधाई देने के लिए सेंकड़ो लोग किशनमल जैन जी के घर पहुंचे। बधाई देने वालो में शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन, पदम जैन, शुकमाल जैन, मनोज जैन, जितेन्द्र जैन, पवन शिवहरे, मनोज शिवहरे, दीपक जैन, मनोज जैन जितेंद्र जैन देवेंद्र जैन प्रशांत जैन सहित समाजसेवियी, पत्रकारों सहित दर्जनो लोगो ने बधाई दी।

# करैरा पुलिस ने नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 5 मार्च को फरियादी ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष 7 माह के घर से बिना बताये चले जाने के संबंध मे रिपोर्ट की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना करैरा पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई के अनुसार फरियादी की रिपोर्ट के बाद अविलम्ब कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाव कर बालिका के कथन लिये गये जिसमें आधार पर प्रकरण मे धारा 64,87 बीएनएस, द पोस्को एक्ट इजाफा की गई एवं आरोपी सतेन्द्र लोधी पुत्र देवी सिंह लोधी उम्र 19 साल निवासी मथुरापुरा मजरा भडरा जिला झांसी (उप्र) को आज गिरफ्तार कर मा. न्यायालय करैरा मे पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. विनोद छावई, उनि रामानंद पचौरी उनि अंजली सिंह, प्रआर प्रभावाती लोधी, आर. विकास, नरेन्द्र, मआर नीलम परिहार, मआर काजल, मआर देवकी की अहम भूमिका रही।

# लोन दिलाने के नाम पर उम्मीद फाउंडेशन ने आधा सैकड़ा से अधिक लोगों से ठगे लाखों रुपए, दो आरोपी गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** लोन और रोजगार के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। उम्मीद फाउंडेशन एंड माइक्रो फाइनेंस कंपनी के नाम से ठगों ने 50 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया। लोगों ने बताया कि आरोपियों ने शिवपुरी पब्लिक स्कूल के सामने हनुमान मंदिर के पास अपना कार्यालय खोला था। सुरेश जाट और प्रकाश सेन समेत कुछ महिला-पुरुष इस कार्यालय को चला रहे थे। ये लोग समूह लोन के नाम पर प्रति व्यक्ति 1 से 5 हजार रुपए तक वसूल रहे थे।


मामले का खुलासा तब हुआ जब बुधवार शाम को कुछ लोग दफ्तर पहुंचे और उन्हें वहां ताला लटका मिला। पीड़ितों ने गुरुवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता कौशल्या के अनुसार, आरोपियों ने कम ब्याज पर लोन और रोजगार के लिए मशीनें देने का झांसा दिया। उन्होंने लोगों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी भी ले ली। ठगों ने बड़ौदी, नौहरीकला, विलोकलां, चंदेनी, कोलारस और सेसई गौशाला में भी यही धोखाधड़ी की। पुलिस ने शहर छोडऩे से पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सर्किल जेल शिवपुरी एवं अधीनस्थ आने वाली जिला जेलों में भाईदूज की मुलाकात के लिए निर्देश

**शिवपुरी ब्यूरो।** वार्षिक कलेन्डर अनुसार भाईदूज का त्यौहार 16 मार्च को मनाये जाने से सर्किल जेल शिवपुरी एवं अधीनस्थ आने वाली जिला जेल गुना, अशोकनगर, श्योपुर, सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा, चांचौडा में परिरुद्ध बंदियों की बहिनों से मुलाकात 16 मार्च को प्रात~ 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक कराई जाएगी। सर्किल जेल शिवपुरी के जेल अधीक्षक ने बताया कि भाईदूज की मुलाकात हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जिसके तहत मुलाकात हेतु बंदियों की बहिनों के नाम प्रात~ 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक लिखे जाएगें और उन्ही बहिनों की दिन में 03 बजे तक मुलाकात कराई जाएगी, इसके पश्चात किसी भी प्रकार की मुलाकात हेतु अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। बहिने अपने साथ अपनी आई.डी. लेकर आए। मुलाकात हेतु आने वाली बहिनों से अनुरोध है कि जेल की सुरक्षा एवं जेल नियमों को दृष्टिगत रखते हुए वे अपने साथ कोई भी प्रतिबंधित सामग्री जैसे मोबाईल, रूपये, पर्स, मादक पदार्थ आदि साथ लेकर न आए। मुलाकात के दौरान केवल मिठाई, गजक, सोनपपडी 250 ग्राम अंदर ले जाना अनुमत किया गया है। बाहर के बने हुए भोजन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जेल प्रशासन द्वारा टीका हेतु थाल उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें हल्दी, कुमकुम, अक्षत/चावल आदि सामग्री रहेगी। बंदी से मुलाकात के लिए आने वाली बहिने बाहर एकत्रित हो जायें उसके उपरांत ही मुलाकात करें। बार-बार बंदियों को मुलाकात स्थल पर बुलाया नहीं जाएगा, केवल एक बार में ही मुलाकात किया जाना सुनिश्चित करें। नगद रूपये बंदियों को देना सख्त मना है। इस प्रकार का कृत्य करने पर मुलाकात प्रतिबंधित कर दी जायेगी। त्यौहार के उत्साह को आन्नदित बनाये रखने हेतु जेल अधिकारी व कर्मचारियों का सहयोग करें।

# आरोपी ने काउंटर में लात मारी और मालिक के बेटे को बाहर खींचकर पीटा

## आरोपी ने काउंटर में लात मारी और मालिक के बेटे को बाहर खींचकर पीटा, वीडियो में कैद



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी में बुधवार रात साढ़े 10 बजे एक युवक ने दुकान संचालक और उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। घटना पुराने प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित बाबा पान पैलेस की है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। दुकान मालिक बबलू चौरसिया ने बताया कि बलेनो कार में आए युवक ने सिगरेट की डिब्बी कार तक पहुंचाने को कहा। जब बबलू ने सिगरेट दुकान से लेकर जाने की बात कही, तो युवक भड़क गया। वो कार से उतरकर दुकान में घुसा, काउंटर में लात मारी और बबलू व उनके बेटे हिमांशु को बाहर खींचकर जमकर मारपीट की।

# वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत, वन विभाग की देरी से शव क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने लापरवाही पर जताई नाराजगी



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के कोलारस में एनएच-46 पर एक तेंदुए की अज्ञात वाहन से टक्कर में मौत हो गई। घटना बुधवार रात पड़ौरा गांव के पास हुई। सुबह राहगीरों ने सड़क पर तेंदुए का शव देखा और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम को मौके पर पहुंचने में कई घंटे लग गए। इस बीच कई वाहन तेंदुए के शव पर से गुजरते रहे। इससे शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डिप्टी रेंजर रुक्मणी भगत शव की खराब स्थिति के कारण ये भी नहीं बता पाई कि तेंदुआ नर था या मादा। वन विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त शव को सड़क से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग की देरी पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि अगर वन विभाग की टीम समय पर पहुंचती तो तेंदुए के शव को इतना नुकसान नहीं होता।

# कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, फर्नीचर और सीसीटीवी जलकर खाक

**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ कस्बे में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आग लग गई। घटना नए बस स्टैंड के पास धौरिया रोड स्थित मां लखेश्वरी वस्त्रालय में हुई। का पता गुरुवार सुबह चला। दुकान मालिक प्रकाश राठौर ने बताया कि आग में करीब 25 से 30 लाख रुपए का कपड़ा, सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर और एलसीडी जलकर खाक हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड की टीम देरी से पहुंची। उसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रारंभिक जांच में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई गई है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झॉसी-इन्जी0-एन-2025-34 | **अनुमानित लागत रू0:** 1406960.00

**कार्य का नाम :** सप्लाइंग ड्रिंकिंग वाटर थ्रू वाटर टैंकर एट वे साइड रेलवे स्टेशन एंड स्टाफ कॉलोनी इन सिथौली (इन्क्लुडिंग) टू धौलपुर (एक्स्क्लुडिंग), ग्वालियर (इन्क्लुडिंग) टू उदी मोड़ (एक्स्क्लुडिंग) अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ/झॉसी जूरिडिक्शन फॉर दी पीरियड ऑफ़ 02 ईयर।

**अमानत राशि :** 28100.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि :** 09.04.2025 at 15:00 hrs

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 24 माह

- निविदा दिनांक **09.04.2025** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**473/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# होली त्यौहार शांति सदभाव से मनाए, कैलारस में पुलिस ने 13 मार्च को फिर निकाला फ्लैग मार्च

## हुड़दंगियों की खैर नहीं, हुरियारों पर भी नजर रखेंगे पुलिसकर्मी

**कैलारस।** होली के पावन पर्व को शांति व सुरक्षा के साथ मनाये जाने के लिये प्रशासन व पुलिस मुस्तैद दिखाई दे रही हे और होली त्यौहार से पूर्व लगातार फ्लैग मार्च कर रही हे होलिका दहन के पश्चात धुलेंड़ी के दिन जुमे की नमाज भी आयोजित होगी। दोनों त्यौहार सद्भाव के साथ मनाये जाने के लिये सभी धर्म व सामाजिकजन की बैठक शांति व्यवस्था के लिये बैठक आयोजित की गई थी इसके बाद आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की मानसिक रखने वालों को फ्लेगमार्च के माध्यम से यह संदेश दिया है कि कानूनी कार्यवाही में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने सभी नगर वासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये अपील की है कि इस पावन पर्व को बीते राग द्वेश मिटाकर हर्षोल्लास के साथ मनाये। पुलिस द्वारा हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिये सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। आज होलिका दहन के बाद शाम से ही अगले 24 घंटे तक यह पुलिस बल अपने-अपने प्वाइंटों में सर्तकता के साथ होली खेलने वालों पर नजर बनाये रखेगा।



कैलारस थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह ने आज पुलिस स्टाफ के साथ किया कस्बा में फ्लैग मार्च करते हुए गणमान्य नागरिक एवं व्यापारियों से की मुलाकात कैलारस थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह,उप निरीक्षक संतोष गौतम राम मंत्र गुप्ता, हिमांशु यादव सहीत अन्य स्टाफ ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए कैलारस शहर के पुरानी सब्जी मंडी शास्त्री मार्ग जवाहर मार्ग अंबेडकर मार्ग, पहाड़गढ़ रोड, एमएस रोड, टाकीज गली, चौड़ा खरंजा, बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर में पुलिस स्टाफ के साथ फ्लैग मार्च करते हुए व्यापारी एवं आम नागरिकों से की मुलाकात कस्बा भ्रमण के दौरान कहा कि आप सभी लोग आगामी होली सहित अन्य त्योहारों को शांति सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाएं वही त्योहार को देखते हुए पुलिस भी गस्त करेगी वही उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहार को आपको कोई भी संदिग्ध व्यक्ति देखे तो जिसकी सूचना मुझे या थाने पर आ कर दे वहीं आप लोगों को के घरों दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को चालू रखें जिससे कि कोई घटना होती है तो सीसीटीवी के माध्यम से अपराधियों की पहचान हो जाती हे फ्लैग मार्च में आरक्षक पंचम सिंह,धर्मेंद्र सिंह, पान सिंह,आरक्षक ब्रजराज सिंह, देवेंद्र, विष्णु शर्मा, विष्णु जाट, विकाश,अरमान,अवदेश गुर्जर, रवि यादव, राकेश, मुकेश, साकिर खान, सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# आरक्षकों की मेहनत लाई रंग बिछड़ी हुई बच्ची को मिलाया परिजनों से

## परिवार जिन्होंने बताया सराहनीय कार्य पुलिस को दिया धन्यवाद



**कैलारस।** अपने परिवार जनों के साथ बाजार आई तमन्ना जाटव पिता शैलेन्द्र जाटव उम्र 5 साल निवासी डोंगरपुर परिवार जनों से बिछड़ गई ओर एम एस रोड एचडीएफसी बैंक के पास पहुंच गई वही तम्मना अपने परिजनों को अपने पास न पा कर रोने लगी तो वहां पर मोजूद लोगोआरक्षक विष्णु जाट ओर आरक्षक रवि यादव को दी सूचना मिलते ही आरक्षक रवि यादव और विष्णु जाट मोके पर पहुचे ओर तम्मना जाटव से उसका नाम पता पूछा तो वह कुछ भी नही पता पा रही थी बस बच्ची रो रही थी तो आरक्षक रवि यादव और विष्णु जाट ने भी सोच लिया था कि कुछ भी हो जाए बच्ची तम्मना जाटव को परिजनों को मिलवाकर रहेंगे वही दोनों आरक्षक परिवारजन से बिछड़ी हुई बच्ची तमन्ना जाटव को बाइक पर बैठकर पूरे शहर में लगभग 2 से 3 घंटे घुमाया लेकिन बच्ची के परिवार जनों का पता चला और बच्ची कुछ नहीं बता पा रही थी एवं लोगों से पूछताछ की तो उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी तो आरक्षक विष्णु जाट एवं रवि यादव ने बरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया तो बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर दोनों आरक्षक परिजनों की तलाश में फिर से निकल दिए वही होली के त्योहार को देखते हुए शहर में भीड़ भी बहुत थी और लोग ग्रामीण क्षेत्रों से भी बाजार करने आ रहे थे वही दोनों दोनों आरक्षक परिजनों को तलाशते हुए डोंगरपुर पहुचे तो वहा पर मोजूद लोगो ने उस बच्ची को पहिचानते हुए परिजनों का पता बता दिया तो दोनों आरक्षक रवि यादव और विष्णु जाट मां से बिछड़ी हुई बच्ची को लेकर बताए हुए पते पर पहुंचे तो परिजन मिल गए बच्ची परिजनों को देखकर रोने लगी वही बच्ची के परिवार जन भी बच्ची को ढूढ रहे थे वही बच्ची को मिलते ही परिवारजनों सहित उपस्थित लोगों ने दोनों आरक्षक रवि यादव और विष्णु जाट के इस कार्य को सराहनी धन्यवाद दिया धन्यवाद दिया वही आरक्षक रवि यादव और विष्णु जाट ने बताया कि हमारी 2 से 3 घण्टे की मेहनत सफल हुई हमने बच्ची को उसके परिवार जनों से मिलवा दिया हैं।

# भीलसैया के पास नहर में मिली अज्ञात बॉडी कैलारस पुलिस पहुची मौके पर

## अज्ञात बॉडी की पुलिस ने की पहिचान परिजनों को दी सूचना

**कैलारस।** पुलिस थाना कैलारस क्षेत्र अंतर्गत भीलसैया गांव के पास नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया तो आस पास के क्षेत्र में गांव के लोग नहर पर पहुचे तो नहर में पानी मे बॉडी दिखाई दी तो सरपंच नृपाल यादव सहित ग्रामीणों ने कैलारस थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह सहित अन्य स्टाफ़ को सूचना दी सूचना मिलते ही कैलारस थाना उपनिरीक्षक शुरेश चंद मिश्रा प्रधान आरक्षक पान सिंह आरक्षक ब्रजराज सिंह मोके पर पहुचे ओर बॉडी को नहर से बाहर निकलावा कर पंचनामा बनाकर अज्ञात बॉडी पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद कैलारस लाया गया वही म्रतक के पास बेग मिला है वही कैलारस पुलिस नहर में मिली अज्ञात बॉडी की तलाश में करने लगी ओर जब उसके बेग को चेक किया गया तो उसने एक काजग निकला उसका नाम रवि टुड्डू पिता चुड़का टुड्डू ग्राम पंचायत हरला थाना देबरी जिला




गिरिडीह निवासी झारखंड निकला तो कैलारस पुलिस ने देबरी थाना झारखंड में सपर्क उनके परिजनों से संपर्क सूचना दी वही परिजनों ने बातया की रवि टुड्डू मुरेना जिले के बधरेटा पर कंम्पनी में काम करता था हम उसके साथियों को भेज देते है वही परिजनों ने उसी कम्पनी में काम कर रहे उसके साथी मनोज मरांडी को सूचना दी वही सूचना मिलते ही मनोज मरांडी निवासी झारखंड कैलारस थाने पहुचा ओर उसने बताया की रवि टुड्डू बदरेटा के पास कंम्पनी में काम करता था बुधवार को वह कंपनी से पैसे लेकर घर जाने की कह कर निकला था लेकिन घर नही पहुचा परिजनों ने मुझे सूचना दी कि रवि टुड्डू की नहर में डूबने से मौत हो गई हैं तो में थाने आया हूँ अभी करवाई चल रही हैं वही कैलारस पुलिस ने बॉडी का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# थाना परिसर के गड्ढे में गिरा गोवंश

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

सबलगढ़।ग्राम रामपुर कला में थाना प्रांगण में बने शौचालय के गड्ढे में एक गोवंश गिर गया। गोवंश गिरने से घायल हो गया और थाना प्रभारी श्री पारथ सिंह परिहार और अन्य आरक्षकों के सहयोग से और ग्रामीणों की मदद लेकर गोवंश को निकालने का प्रयत्न किया गया। लेकिन अंत मे जेसीबी के सहयोग से गोवंश बाहर निकल पाया। घाटी क्षेत्र के खुले गड्ढे गोवंश की जान जोखिम में डाल रहे हैं। शासन प्रशासन इन खुले हुए गड्ढो की तरफ ध्यान नही दे रहा है। गोवंश के साथ-साथ यह खुले गड्ढे कभी-कभी आमजन के लिए भी दुर्घटना का कारण बनते हैं।



# रामपुरकला के पूर्व सरपंच केदारनाथ चतुर्वेदी का निधन

**सबलगढ़।** ग्राम पंचायत रामपुर कला के पूर्व सरपंच श्री केदारनाथ चतुर्वेदी का 92 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। पूर्व सरपंच श्री चतुर्वेदी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व समाजसेवी थे।उन्होंने ग्राम के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।उनके निधन की खबर से पूरा गांव ग़मगीन हो गया।उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी,राजनेता,गणमान्यनागरिक व पत्रकार शामिल हुए।उनके बड़े पुत्र श्री विजय कुमार चतुर्वेदी ने उनको मुखाग्नि दी।



# फार्मर रजिस्ट्री का काम समय सीमा में पूरा करें- माहौर



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

सबलगढ़।कलेक्टर मुरैना के निर्देशन में फार्मर रजिस्ट्री का काम समय सीमा में पूरा करें।यह निर्देश सबलगढ़ एसडीएम श्री अरविंद माहौर ने गुरुवार को आयोजित बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को दिए।बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, नगर पालिका के सीएमओ, कृषि विकास अधिकारी राजस्व निरीक्षक विकासखण्ड सबलगढ़ और कैलारस मौजूद रहे।एसडीएम ने कहाकि लक्ष्यानुसार काम पूरा करें।

# विधान सभा अध्यक्ष को पूर्व विधायकों की सुविधाओं के संबंध में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पत्र सौंपा गया

**भोपाल।** 12 मार्च 2025 को पूर्व कैबिनेट मंत्री व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक मंडल द्वारा विधान सभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर से पूर्व विधायकों की पेंशन, पारिवारिक पेंशन, टौल टैक्स निःशुल्क किये जाने एवं जयारोग्य हास्पिटल में बायपास सर्जरी प्रारंभ कराने हेतु मुख्यमंत्री को पुनः निवेदन एवं श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार को टोल टैक्स हेतु पूर्व विधायकों को टोल टैक्स की निःशुल्क सुविधा प्रदान किये जाने हेतु रूल (नियम) क्रमांक 11 में जोड़े जाने हेतु अध्यक्ष म.प्र. विधान सभा द्वारा निवेदन किया जाने संबंधी ज्ञापन दिया।



# मनोविकारों के दहन का पर्व है होली- ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी

**पोरसा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन सब्जी मंडी रोड पोरसा में आज अलौकिक होली स्नेह मिलन किया गया। जिसमें सुंदर राधा कृष्ण जी के साथ सभी भाई बहनों ने होली खेली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भ्राता विवेक भाई विद्युत विभाग जे.ई.पोरसा उपस्थित रहे उन्होंने सभी को होली के महापर्व की बधाई दी और कहा होली का वास्तविक अर्थ अपने भीतर की पवित्र अग्नि में अहंकार को जलाना और प्रेम के रंग में रंग जाना यही सच्ची होली मनाना है। केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी जी ने सभी को होली पर्व की बधाई दी और होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा परमपिता परमात्मा शिव ने हमे होली शब्द के तीन अर्थ बताएं हैं। 1.होली अर्थात बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिंता ना करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो योगयुक्त होकर करो। 2.होली अर्थात हो गई मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई अब जो भी कर्म करना है वह ईश्वर की मत पर ही करना है। 3.होली अर्थात पवित्रता होली केवल बाहरी उत्सव नहीं है, बल्कि यह आत्मिक परिवर्तन का प्रतीक है। सच्ची होली भीतर खेली जाती है, जहाँ हम अपनी आत्मा को शुद्धता के रंगों से रंगते हैं और अपनी नकारात्मकता की अंधकारमयी परतों को जला देते हैं। अतीत को क्षमा की अग्नि में जलाएँ ङ्क पुराने गिले-शिकवे छोड़कर अपने मन में प्रेम के लिए स्थान बनाएँ। गुणों के रंगों को अपनाएँ ङ्क केवल रंग लगाने के बजाय, शांति, करुणा और आनंद के गुण बाँटें। सबको आत्मा के रूप में देखें ङ्क नाम, पद और भेदभाव से परे, हर व्यक्ति एक आत्मा है; परमात्मा की संतान। आइए, इस साल सच्चे अर्थों में होली मनाएँ ङ्क ऐसी होली जो हमारे जीवन में सच्ची खुशी, पवित्रता और एकता लाए। क्योंकि अंत में, हमारे चेहरों के रंग फीके पड़ जाएँगे, लेकिन सद्गुणों के रंग हमेशा बने रहेंगे। सभी भाई बहनों ने दीदी जी को होली पर्व की बधाई दी और आपस में ज्ञान रंग की होली खेली। कार्यक्रम के अंत में दीदी जी ने सभी शहर वासियों से नशे से दूर रहने की अपील की। और कहां होली का पर्व सभी आपस में प्यार शांति से मनाए।




# पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य

## किसान सीएससी सेंटर में जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवायें

**मुरैना,कांस।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एग्रोस्टैक योजना के अंतर्गत प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। इसके अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमि स्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। यह किसानों को सरकारी सेवाओं का लाभ देने हेतु भारत सरकार की एक नई पहल है, इससे किसानों को वर्तमान में कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जा सकेगा। इसके साथ ही मार्च 2025 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। वर्तमान में जिले में कुल 268378 कृषकों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य था, जिसमें से 130478 का पंजीकरण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त पीएम किसान योजना लाभार्थी किसानों से अपील की है कि अपने क्षेत्र के पटवारी, स्थानीय युवा से संपर्क कर अथवा अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवायें। साथ ही ऐसे कृषक जिनको फार्मर आईडी बनवाते समय मोबाईल पर ओटीपी न आना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वे अपने पंचायत मुख्यालय के कलस्टर पर आयोजित कैम्प में संपर्क कर अपने आधार से मोबाईल नंबर को लिंक करवायें। प्रत्येक तहसील स्तर पर आगामी 20 मार्च तक कैम्प लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं। इन कैम्पों में संबंधित कृषक पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी तैयार करवा सकते हैं।

# 14 मार्च को शुष्क दिवस

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने 14 मार्च को अपरान्ह 04 बजे तक मुरैना जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में होली के त्यौहार पर शुष्क दिवस घोषित किया है।

## गरीब बच्चों को गुलाल पिचकारियों का वितरण किया

**मुरैना,कांस।** परिवार फउण्डेशन ने हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी गरीब बस्तियों, झोपडियो में निवास करने वाले लगभग 80 से अधिक गरीब बच्चो को गुलाल व पिकारियो का वितरण कर उनके साथ होली मनाई। इस अवसर पर संस्था के सदस्य भानू प्रताप सिंह, विवेक सिकरवार, उदय, आदर्श, लवकुश एवं सिद्धार्थ मौजूद थे।

# कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्राँग रूम का निरीक्षण किया

**मुरैना,कांस।** निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक माह ईव्हीएम स्ट्राँग रूम का निरीक्षण करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने मान्यता राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम स्ट्राँग रूम का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद उपस्थित थे।



# घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिये सहायता योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला, सेमिनार का हुआ आयोजन

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री डी.के. सिद्धार्थ की अध्यक्षता में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनिमय 2005 के तहत घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिए सहायता योजनांतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला, सेमिनार का आयोजन गुरूवार नवीन जिला पंचायत के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी श्री गिरजेश खत्री, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शिल्पी जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती उपासना राय, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर श्रीमती




अपूर्वा चौधरी, समस्त परियोजना अधिकारी, संरक्षण अधिकारी आईसीपीएस, प्रत्येक परियोजना से एक वरिष्ठ पर्यवेक्षक, वन स्टॉप सेंटर एवं आईसीपीएस का समस्त स्टाफ, स्वाधार गृह के अशासकीय सेवाप्रदाता आदि शामिल थे। संयुक्त संचालक श्री डी.के. सिद्धार्थ ने घरेलू हिंसा की पीड़िता की सहायता योजना पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने महिलाओं से संबंधित विभिन्न अधिकारों, योजनाओं एवं घरेलू हिंसा की पीड़िता की सहायता योजना के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित सहायक लोक अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) श्री गिरिजेश खत्री ने नवीन विभिन्न कानूनों, श्रीमती शिल्पी जैन ने घरेलू हिंसा, श्री बृजराज शर्मा ने पॉक्सो, आईसीपीस एवं श्रीमती अपूर्वा चौधरी ने वन स्टॉप सेंटर आदि विषय पर प्रशिक्षण देकर बताया।

# जी.डी. जैन एवं शा. हाईस्कूल छौंदा के प्राचार्य की टीम तीन दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी

**मुरैना,कांस।** ए.एस.ओ.सी.स्काउट श्री सुखदेव सिंह चौहान के संबंध में अनियमितता संबंधी शिकायत 13 मार्च को ''सीएम कार्यालय से आई जांच, आरोपी को ही सौंप दी जांच'' शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। उक्त खबर को डिप्टी कलेक्टर द्वारा गंभीरता से लिया गया। खबर के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना से वस्तुस्थिति का लिखित में प्रतिवेदन लिया गया। जिसमें उन्होंने अपने प्रतिवेदन से स्पष्ट किया है, कि श्री चौहान की जांच के लिये प्राचार्य शास.उ.मा. विद्यालय जी.डी. जैन मुरैना एवं प्राचार्य शा. हाईस्कूल छौंदा मुरैना को संयुक्त रूप से टीम गठित कर तीन दिवस में प्रतिवेदन चाहा गया है। सीएम हाउस की सभी शिकायत का अंतिम निराकरण कलेक्टर/अपर कलेक्टर के अवलोकन उपरांत ही होगा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद अम्बाह जिला मुरैना (म.प्र.)

**NIT No. /327/UADD/2025/AMBAH/E-TENDERING** अम्बाह, दिनांक–12 / 03 / 2025

*ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना*

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा अधोलिखित कार्यो हेत ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 02 अगस्त 2021 से प्रभावी ISSR (भवन,रोड़,पेयजल,विद्युत) पर आज दिनांक तक संशोधन सहित निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स **2.10** पर प्रतिशत दरों के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा दिनांक–**28.03.2025** सायं **05:30** बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | ऑनलाइन टेण्डर नं. | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड कमांक 06 में श्री गजेन्द्र सिंह तोमर (नेताजी) वाली गली में सी सी रोड निर्माण। | 2025_UAD_409306_1 | 2.54 Lac | 2550/- | 2000/- | **01 माह** |

1. निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर आनॅलाइन निविदा प्रकाशन से दिनांक **28.03.2025** को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।
2. निविदा हेतु (Envelope-A), निर्धारित अमानत राशि की ऑनलाइन ट्रांन्जेक्शन रिसीप्ट/NEFT/RTGS SYSTEM GENERATE CHALLAN प्रति एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं 100 रुपये के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारुप में एफीडेविट एवं निवदि विज्ञप्ति में मागे अन्य दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **28.03.2025** को सायं 05:30 तक। फिजिकल बिड की आवश्यकता नही है।
3. (Envelope-A) मेन्डेटरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज ऑनलाइन ऑपन दिनांक **01.04.2025** सायं 05:30 बजे से।
4. उपरोक्त निविदा का प्रकाषन नगरीय प्रषासन की बेवसाइट www.mpurban.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।
निविदा में किया गया कोई भी संषोधन उक्त बेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाषन नहीं किया जावेगा। अतः सम्बंधित जानकारी उक्त बेबसाइट पर देखी जावे।
5. उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
समस्त जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय की लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

(शारिब कौसर)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अम्बाह

(अंजली जिनेश जैन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अम्बाह

# वन्य जीवों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार संकल्पित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में बनेंगे दो नए वन्य जीव अभ्यारण्य, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं और सरकार दृढ़ संकल्प के साथ वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव सहित जलीय जंतुओं के संरक्षण के लिए भी काम कर रही है। वन्य जीव संरक्षण की दिशा में एक कदम ओर बढ़ाते हुए अब प्रदेश में दो नए वन्य जीव अभयारण्य स्थापित किए जाएंगे। यह नए वन्य जीव अभयारण्य ओंकारेश्वर एवं जहानगढ़ में स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 28वीं बैठक में 2 वन्य जीव अभयारण्य की स्थापना को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के प्रभावी प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि प्रदेश में बाघ, तेंदुआ, चीता, हाथी, घड़ियाल के साथ-साथ विलुप्त होती प्रजाति के गिद्धों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। गत माह 17 से 19 फरवरी 2025 को हुई ताजा गिद्ध जनगणना के अनुसार प्रदेश में 12



हजार 981 गिद्ध पाए गए हैं। गिद्धों की संख्या बीते वर्ष में ही 19 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर वन्य जीव अभयारण्य देवास-खंडवा जिले के करीब 614.0709 वर्ग कि.मी. वन रकबे में तथा जहानगढ़ वन्य जीव अभयारण्य श्योपुर जिले के 6.328 वर्ग कि.मी. वन रकबे पर विकसित किया जाएगा। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, चीफ वाईल्ड लाईफ वार्डन, सदस्य श्री मोहन नागर, डॉ. नारायण व्यास, डॉ. सुदेश बाघमारे, डॉ. भटनागर, डॉ. रविचंद्रन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**रेस्क्यू सेंटर कम जू की स्थापना में लाएं तेजी**

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया गया कि उज्जैन जिले के नौलखी में वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर कम जू प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने इस सेंटर की स्थापना की प्रगति की जानकारी ली और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू सेंटर कम जू को वन्य जीव पर्यटन के लिहाज से तैयार किया जाए। बैठक में बताया गया कि उज्जैन की तरह एक वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर कम जू का निर्माण जबलपुर जिले में भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन्य जीवों की विविधता से भरा राज्य है। यहां के मंदसौर, नीमच, शिवपुरी समेत चंबल के जिलों में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग के अधिकारियों को वन्य जीवों के संरक्षण के निर्देशित करते हुए कहा कि मगरमच्छ सड़कों एवं आबादी क्षेत्र में न पहुंचे, इसके लिए उन्हें खाली पड़ी नदियों में पुनर्स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित कर कार्यशालाएं एवं संयुक्त बैठक आयोजित की जाएं। देश-दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वन्य जीवों के संरक्षण को पर्यटन से जोड़ते हुए परियोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

**थलचर, जलचर और नभचर तीनों श्रेणियों के जीव-जंतुओं एवं पशु-पक्षियों के कल्याण की करें चिंता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीव पर्यटन बोर्ड थलचर (वनचर), जलचर और नभचर तीनों श्रेणियों के जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों एवं वन्य प्राणियों के कल्याण की चिंता करे। यह सभी प्राणी हमारी वृहद जैव विविधता की धरोहर है। हमें इन्हें बचाना है, इनके विकास के लिए अनुकूलित वातावरण उपलब्ध कराना है।

**असम से गैंडें और अफ्रीका से जिराफ को लाकर मध्यप्रदेश में बसाने की तलाशें संभावनाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर, चीतों एवं घड़ियालों का घर बन चुके मध्यप्रदेश में असम के काजीरंगा नेशनल पार्क से गैंडों को लाने और साऊथ अफ्रीका से जिराफ को लाकर यहां बसाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

# सीएम डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी

## मुख्यमंत्री निवास में भी हुआ होलिका दहन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होली पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली का उत्सव होलिका दहन की कथा का स्मरण करवाता है।

भक्त प्रहलाद का नारायण प्रेम इसमें स्पष्ट झलकता है। होलिका दहन में भक्त प्रहलाद को स्वयं नारायण ने जीवनदान दिया। मध्यप्रदेश में होली से रंगपंचमी तक अलग-अलग अंचल में उत्सव के अनेक स्वरूप दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे राष्ट्र में विरासत से विकास के ध्येय को ध्यान में रखकर स्वर्णिम काल चल रहा है। हमारी सनातन संस्कृति के एक-एक त्यौहार को सभी आनंदित होकर मना रहे है।

**मुख्यमंत्री निवास में होलिका दहन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार की रात्रि मुख्यमंत्री निवास में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की बधाई दी।

































स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954